# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय–वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

## नवंबर-2025

**CURRENT AFFAIRS (November-2025)**
**PUBLISHER**
**MAHECHA PUBLICATION**
**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**
**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

**The Notes Hub**
**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय-सूची

| विषय-वस्तु | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान-समसामयिकी | 3-15 |
| 2. राष्ट्रीय-समसामयिकी | 16 - 32 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय-समसामयिकी | 33 - 41 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 42 - 50 |
| 5. खेल-समसामयिकी | 51 - 53 |
| 6. महत्त्वपूर्ण-दिवस | 54 |
| 7. महत्त्वपूर्ण-पुस्तकें | 55 |
| 8. अति-महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न | 56 - 57 |
| 9. टॉपर्स-टॉक | 58 - 60 |

मूल्य : 30/- रुपये

© *All Rights Reserved By Publisher*

*नोट:-इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित व्यक्तित्व

### वी. श्रीनिवास

- राजस्थान के 46वें मुख्य सचिव नियुक्त।
  (**पदभार ग्रहण :** 17 नवम्बर, 2025)
- पूर्व मुख्य सचिव-सुधांश पंत का स्थान लिया।
- 1989 बैच के वरिष्ठ IAS अधिकारी, 1991 - भीलवाड़ा, SDO के रूप में कैरियर की शुरूआत की थी।
- **अतिरिक्त प्रभार :** खान एवं खनिज निगम लिमिटेड, उदयपुर (अध्यक्ष), मुख्य आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली।
- **अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) के अध्यक्ष** चुने जाने वाले प्रथम भारतीय IAS अधिकारी।
- दिल्ली एम्स में **'डिजिटल एम्स प्रोजेक्ट'** लॉन्च कर मरीजों को कतारों से छुटकारा दिलाया।
- पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राजस्थान निवासी स्व. जसवंत सिंह जसोल के निजी सचिव और IMF (वॉशिंगटन) में भारत के कार्यकारी निदेशक के तकनीकी सहायक रह चुके।

### हरमनप्रीत कौर

- नाहरगढ़ फोर्ट, जयपुर 'जयपुर वैक्स म्युजियम' में ICC महिला विश्व कप : 2025 की विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान का वैक्स स्टेच्यू लगाया जाएगा।
- **अनावरण :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2026

### डॉ. मनीष बियानी

- जापान की स्टार्टअप बिजनेस प्लान प्रतियोगिता : 2025 में प्रथम स्थान हासिल किया।
- इशिकावा प्रांत के गवर्नर हिरोशी हासे ने 'सर्वश्रेष्ठ उद्यमी पुरस्कार' और 6 मिलियन येन की सब्सिडी प्रदान की।

### डॉ. संगीता आर्य

- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की सदस्य ने 28 नवंबर, 2025 को पद से इस्तीफा दिया।
- **नियुक्ति :** 14 अक्टूबर, 2020 (कांग्रेस सरकार)
- **कार्यकाल** : 13 अक्टूबर, 2026 तक था।
- पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य की पत्नी है।
- RPSC में अब कुल स्वीकृत 11 पदों (1 अध्यक्ष + 10 सदस्य) में से 4 पद रिक्त है।

## चर्चित स्थान

### बांसियाल गाँव-झुंझुनूं

- हाल ही में लगभग 4500 वर्ष प्राचीन सभ्यता के प्रमाण इस क्षेत्र के आस-पास मिले है।
- यह सभ्यता स्थल 'ताम्रपाषाण कालीन संस्कृति' का केन्द्र
- **शोधकर्त्ता :** डॉ. ईशा प्रसाद एवं डॉ. श्वेता सिन्हा देशपांडे

### अभेड़ा-कोटा

- कोटा बायोलॉजिकल पार्क में NTPC (National Thermal Power Corporation) अंता द्वारा वन्यजीव संरक्षण हेतु पहल।
- पाँच प्रजातियों के 10 वन्यजीवों को गोद लेने हेतु 17 लाख रु. का सहयोग।
- टाइगर, हायना, पैंथर आदि को एक वर्ष हेतु गोद लिया।
- राज्य में प्रथम बार ऐसा हुआ जब इतनी संख्या में वन्यजीव गोद लिए गए।

### पालीघाट-सवाईमाधोपुर

- रियरिंग फास्ट ट्रैक हेड स्टार्टिंग कार्यक्रम।
- वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने 13 नवम्बर, 2025 को 10 घड़ियाल हैचलिंग्स को चम्बल नदी में छोड़ा।
- अंडे से निकलने (25 से.मी.) के पश्चात् इन्हें संरक्षित किया गया तथा 75 से.मी. का आकार होने पर प्राकृतिक आवासों में छोड़ा।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### पीएम-कुसुम योजना

- **घटक : C** के तहत् जयपुर डिस्कॉम में 31 अक्टूबर, 2025 को एक ही दिन 5 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए।
- **क्षमता :** कुल 9.28 मेगावॉट

| क्र.सं. | सौर ऊर्जा संयंत्र | कहाँ | क्षमता |
|---|---|---|---|
| 1. | सुनेल | झालावाड़ | 4.06 |
| 2. | पीपलू | टोंक | 0.83 |
| 3. | ब्रह्मबाद | भरतपुर | 2.29 |
| 4. | रडावास | जिला जयपुर सर्किल उत्तर | 1.25 |
| 5. | देवली | टोंक | 0.85 |

❑ **विद्युत वितरण :** विकेन्द्रित लघु सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से संबंधित 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्रों में आने वाले 1314 कृषि उपभोक्तओं को दिन में बिजली मिल सकेगी।

❑ **घटक :** A व C में जयपुर डिस्कॉम में अब तक कुल 237 मेगावॉट क्षमता के 21 प्लांट कार्यशील किए जा चुके है। 24,208 कृषकों को दिन में बिजली प्राप्त।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि-21वीं किस्त जारी

❑ **कब :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवम्बर, 2025 को कोयम्बटूर, तमिलनाडू से जारी की।

❑ **राज्य स्तरीय कार्यक्रम :** कृषि विज्ञान केन्द्र- अजमेर

❑ **रैंकिंग :** लाभान्वित किसानों की संख्या के मामले में राजस्थान का देश में 5वाँ स्थान रहा।

❑ **राशि :** लगभग 1400 करोड़ रु. हस्तांतरित।

## महत्त्वपूर्ण कैबिनेट बैठक : 19 नवंबर, 2025

**1. <u>ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी- 2025</u>**

- **अनुमोदन :** 19 नवंबर, 2025
- **लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक 200 +ग्लोबल कैपेबिलिटी केन्द्रों (GCC) की स्थापना करना।
- **GCC हब :** जयपुर, जोधपुर, उदयपुर
- **रोजगार सृजन :** लगभग 1.5 लाख
- **उद्देश्य :** GCC स्थापना एवं राजस्थान को वैश्विक नवाचार एवं निवेश का प्रमुख केन्द्र बनाना, देश के 100 अरब डॉलर GCC बाजार में महत्वपूर्ण योगदान देना।
- **प्रमुख प्रावधान :** इस नीति के तहत् RIPS-2024 के प्रावधानों का लाभ मिलेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूँजी निवेश सब्सिडी | परियोजना लागत का 30% या अधिकत्तम 10 करोड़ रु. |
| 2. | पेरोल सब्सिडी | कर्मचारियों के वेतन पर 30% (अधिकतम 1.25 लाख रूपये प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष) प्रथम तीन वर्षों तक |
| 3. | भूमि लागत | भूमि लागत का 50% (अधिकतम 1 करोड़ रु.) तक प्रतिपूर्ति |

2. <u>राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (RVUNL) + सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (SCCL) के संयुक्त उपक्रम को मंजूरी।</u>
   - **अनुपात** - RVUNL 26% : SCCL 74%
   - **ताप विद्युत** - खदान स्थल पर 800 MW की कोयला आधारित परियोजना।
   - **सौर ऊर्जा** - राजस्थान में 1500 MW क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना।

3. <u>'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' के गठन को मंजूरी।</u>
   - **घोषणा** - प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव : 2024 के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा।
   - **कार्य** - प्रवासी राजस्थानियों को स्वयं की मातृभूमि से जोड़ना तथा प्रवासी राजस्थानी सम्मान समारोह, एक्सचेंज प्रोग्राम आयोजित करेगा।

4. **दानदाताओं के नाम पर महाविद्यालयों का नामकरण**
   - राजकीय महाविद्यालय, कालन्द्री (सिरोही) का नामकरण अब-<u>संघवी हीराचंदजी फूलचंदजी राजकीय महाविद्यालय, कालन्द्री।</u>
   - राजकीय महाविद्यालय, कैलाशनगर (सिरोही) का नामकरण अब - <u>मातुश्री पूरीबाई पूनमाजी माली टोरसो राजकीय महाविद्यालय कैलाशनगर</u>।

## शहद उत्पादन-राजस्थान की स्थिति

❑ भारत के कुल उत्पादन का 9%

❑ **उत्पादन :** 82,00 मीट्रिक टन

❑ **शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल :** उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, राजस्थान

❑ **अग्रणी जिले :** अलवर, भरतपुर, हनुमानगढ़

❑ **उत्कृष्टता केन्द्र :** <u>'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना'</u> के तहत् राज्य सरकार द्वारा 10-10 करोड़ रूपये की लागत से उत्कृष्टता केन्द्र **टोंक, भरतपुर** में स्थापित।

❑ राज्य सरकार द्वारा 1000 मधुमक्खी पालकों को 2 करोड़ रूपये की लागत से मधुमक्खी पालन किट वितरित की जाएगी।

❑ राज्य सरकार वर्ष 2025-26 में 50,000 मधुमक्खी कॉलोनियाँ एवं मधुमक्खी बॉक्स वितरित। इन पर कृषकों तथा मधुमक्खी पालकों को 40% की दर से कुल 8 करोड़ रूपये का अनुदान।

## सांस-अभियान

❑ **अवधि :** 12 नवंबर, 2025-28 फरवरी, 2026 तक संपूर्ण राज्य में।

❑ **थीम :** ''निमोनिया नहीं तो बचपन सही''

❑ **उद्देश्य :** राजस्थान में 5 वर्ष आयु तक के सभी बच्चों की निमोनिया स्क्रीनिंग एवं जटिलताओं के प्रति आमजन को जागरूक करना।

## योजनाओं/कार्यक्रमों में राजस्थान की रैंकिंग

- वर्ष 2024-25 के दौरान 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों/योजनाओं में राजस्थान प्रथम, 5 में द्वितीय एवं 9 में तृतीय स्थान पर रहा।

| रैंकिंग | योजनाओं / कार्यक्रमों का नाम एवं उपलब्धियाँ |
|---|---|
| प्रथम | 1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : 2025 के आयोजन में संपूर्ण देश में शीर्ष, केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय के योगा ''संगम पोर्टल'' के अनुसार राज्य ने 62,915 स्थलों पर 85 लाख 31,000 185 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था।<br>2. अंगदान क्षेत्र को बढ़ावा देना + अंग प्रत्यारोपण के मामलों में राज्य को वर्ष 2025 के लिए प्रथम स्थान के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार।<br>3. सितम्बर, 2025 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) में प्रथम स्थान।<br>4. पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत् आँगनवाड़ी केन्द्रों पर आयोजित गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम।<br>5. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ, 2025) के तहत् 2018 करोड़ नीतियाँ जारी कर देश में शीर्ष स्थान।<br>6. फॉर्मर रजिस्ट्री योजना (कृषि में डिजिटल क्रांति) में PM किसान लाभार्थी की ID बनाने में प्रतिशत के आधार पर राजस्थान वर्ष 2024–25 में संपूर्ण देश में प्रथम।<br>7. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के ''स्वच्छता ही सेवा अभियान : 2025'' के तहत् स्वच्छता लक्षित इकाइयों को रूपांतरित करने में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान।<br>8. अक्षय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में राजस्थान PM कुसुम योजना घटक–A में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान।<br>9. वर्ष 2024 के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित ''फिट इंडिया फ्रीडम रन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में राजस्थान का प्रथम स्थान।<br>10. विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्य ने 11,209 शिविरों के आयोजन एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत् 5094 लाख गैस कनेक्शन जारी करके संपूर्ण देश में प्रथम स्थान। |
| द्वितीय | 1. हर–घर तिरंगा कार्यक्रम 2025 में पंजीकृत वॉलंटियर एवं मीडिया अपलोड श्रेणी में।<br>2. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के घटक ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' के तहत् वर्ष 2024–25 में 1.31 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की स्थापना।<br>3. पोषणमाह : 2025 में आयोजित गतिविधियों में।<br>4. पीएम विश्वकर्मा योजना में ऋण स्वीकृति एवं वितरण में।<br>5. कृषि विभाग में सरकारी प्रक्रियाओं में डिजिटल परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस रजत पुरस्कार (द्वितीय स्थान) हासिल किया। |
| तृतीय | 1. पीएम–कुसुम योजना के घटक B एवं C-FLS के तहत् तृतीय स्थान।<br>2. वर्ष 2024 हेतु टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत् टीबी मुक्त पंचायते घोषित करने एवं अभियान के दौरान 100 दिवसीय कैम्पेन में।<br>3. तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत् बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट एवं नेशनल प्रोग्राम फॉर पेलिएटिव केयर में उत्कृष्टता हेतु तृतीय स्थान।<br>4. आयुष्मान भारत (PM-JAY) क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पेनलमेंट में वर्ष 2024–25 में संपूर्ण देशभर में तृतीय स्थान।<br>5. उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के एक ''एक जिला एक उत्पाद'' कार्यक्रम क्रियान्वयन की राज्यों की श्रेणी में राजस्थान को कांस्य अवॉर्ड (तृतीय स्थान) मिला। |

नोट :– 1. केन्द्र सरकार द्वारा लॉजिस्टिक इकोसिस्टम को सुदृढ एवं दक्षतामय करने हेतु जारी किए जाने वाली ''लीड्स रिपोर्ट'' में राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मर–2024 अवॉर्ड से नवाजा गया।
2. जनजाति कल्याण, सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास में उल्लेखनीय कार्य हेतु ''धरती आबा जनभागीदारी अभियान'' के तहत् बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट।
3. देशव्यापी संतरित अभियान : राजस्थान संपूर्ण देश में द्वितीय स्थान पर रहा। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएँ विभाग के तहत् संचालित इस अभियान (1 जुलाई–31 अक्टूबर, 2025 तक) में राजस्थान 1. 28 करोड़ लाभार्थियों के साथ द्वितीय स्थान पर रहा।

# पुरस्कार/अवॉर्ड

| पुरस्कार का नाम | विजेता / प्राप्तकर्त्ता | भूमिका / विवरण |
|---|---|---|
| महर्षि वेदव्यास पुरस्कार : 2025 | • गुलाब कोठारी<br>▪ राजस्थान पत्रिका समूह सम्मान पाने वाले राजस्थान के दूसरे व्यक्तित्व<br>• प्रथम – प्रो. दयानंद भार्गव | • प्रदत्त संस्था : महर्षि वेदव्यास प्रतिष्ठान, पुणे (महाराष्ट्र)<br>• वैदिक शिक्षा शोध एवं लेखन हेतु |
| पवन एवं हाइब्रिड नीति में राजस्थान को उत्कृष्टता पुरस्कार | • राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) राजस्थान सरकार | • विंडर्जी इंडिया 2025 सम्मेलन, चेन्नई (तमिलनाडु) में भारतीय पवन टरबाइन निर्माता संघ द्वारा प्रदत्त। |
| राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार : 2025 | **गैर–पूर्वोत्तर**<br>हर्षित झूरिया (सीकर)<br>तृतीय स्थान (2,00,000 रु.) | • देशी गाय / भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान |
| | **गैर–पूर्वोत्तर**<br>धिनाई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर (द्वितीय–संयुक्त रूप से)<br>(3,00,000 रु.) | • सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति |
| | **गैर–पूर्वोत्तर** :<br>विकास कुमार, हनुमानगढ़<br>द्वितीय स्थान (नकद पुरस्कार नहीं) | • सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन श्रेणी में (AIT) केवल योग्यता प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह |
| 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार : 2024 | खरनाल जल उपयोगकर्त्ता संघ, श्रीगंगानगर | • ''सर्वश्रेष्ठ जल'' उपयोगकर्त्ता संघ श्रेणी में तृतीय पुरस्कार |
| | बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान पिलानी, (BITS) झुंझुंनू | • सर्वश्रेष्ठ संस्थान (कैपंस के भीतर) श्रेणी में संयुक्त द्वितीय पुरस्कार |
| | अंबुजा फाउंडेशन, जयपुर | • ''सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज'' श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार |
| | बजरंग लाल जैथु सीकर<br>(1993 से जल क्षेत्र में सक्रिय) | • पश्चिमी क्षेत्र में जल क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम पुरस्कार जीता। |
| पुनर्वास परिषद् **(RCI)** द्वारा पुनर्वास व मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा में उत्कृष्टता हेतु राजस्थान के 4 संस्थानों को **CoE** (उत्कृष्टता केन्द्र) का दर्जा | 1. **MBM** विश्वविद्यालय, जोधपुर<br>2. **JNVU** विश्वविद्यालय, जोधपुर<br>3. **MLSU** उदयपुर<br>4. **CRC** जामडोली, जयपुर | |
| अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट | उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड | 18वें अर्बन मोबेलिटी इंडिया कॉन्फ्रेस एवं एक्सपो 2025 में सम्मानित<br>श्रेणी – सिटी विद द बेस्ट नॉन–मोटोराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम |
| डॉ. सावित्री मदन डागा साहित्य सम्मान | डॉ. आशुतोष दुबे | कृति : संयोगवश |
| रोटरी इंटरनेशनल यंग अचीवर अवॉर्ड | भाविनी भार्गव, जयपुर | पुस्तक : अन्हर्ड |

<table>
<tr><td>द बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन अवॉर्ड</td><td colspan="2">उदयपुर शहर<br>• आउटलुक ट्रेवलर अवॉर्ड्स में सिक्किम के पर्यटन एवं नागरिक उडड्यन मंत्री टी.टी. भूरिया ने राजस्थान के अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी और संयुक्त निदेशक (उदयपुर) सुमिता सारोच को यह सम्मान दिया।<br>• 21–23 नवंबर, 2025 को अमेरिका राष्ट्रपति के पुत्र डोनाल्ड ट्रंप जूनियर उद्योगपति रामराजू मंटेना की पुत्री के विवाह में शामिल होने उदयपुर के द लीला पैलेस में आए थे।</td></tr>
<tr><td>राजस्थान को 'स्वर्ण पदक'</td><td colspan="2">• 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला : 2025 (भारत मंडपम) में उत्कृष्ट योगदान हेतु पार्टनर स्टेट मंडप में स्वर्ण पदक मिला।</td></tr>
<tr><td>प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार : 2025</td><td>• पश्चिमी जोन कैटेगरी–1<br>▪ भीलवाड़ा – द्वितीय (2 करोड़ राशि)<br>▪ बाड़मेर – तृतीय (कलेक्टर : टीना डाबी)<br>• पश्चिमी जोन कैटेगरी–2<br>▪ जयपुर–द्वितीय<br>▪ उदयपुर–तृतीय<br>• पश्चिमी जोन कैटेगरी–3<br>▪ अलवर–प्रथम<br>▪ डूंगरपुर – षष्टम<br>▪ बारां – अष्टम<br>▪ चित्तौड़गढ+सीकर–ग्यारहवाँ</td><td>राजस्थान को जल संचयन और जन भागीदारी उत्कृष्टता में देश के तीन सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तृतीय श्रेणी में चयनित।</td></tr>
<tr><td>राष्ट्रीय कला रत्न सम्मान</td><td colspan="2">• 'चित्रकार सुशील निम्बार्क', उदयपुर को भारतीय संस्कृति और एब्सट्रेक्ट कला में निरंतर योगदान हेतु 7–9 नवंबर 2025 को आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय कला पर्व में सम्मानित किया गया।</td></tr>
<tr><td>काका हाथरसी पुरस्कार</td><td colspan="2">• व्यंगकार संपत सरल को नवंबर, 2025 में सम्मानित किया गया।<br>• योगदान : तीक्ष्ण व्यंग्य चेतना आयोग एवं साहित्य हेतु।<br>• प्रमुख संग्रह : 'एक मंजिला मकान में लिफ्ट' निट्ठले बहुत बिजी है 'और बुद्धिप्रकाश'</td></tr>
<tr><td>लाडली मीडिया अवॉर्ड</td><td colspan="2">• विजेता : चेतन द्विवेदी (कोटा संभाग–दैनिक भास्कर संवाददाता)<br>• योगदान : खोजी खबर – '5 साल तक की लीज पर बिक रही बेटियाँ : माता– पिता ही कर्ज उतारने के लिए यूपी–एमपी भेज रहे है।'</td></tr>
<tr><td>9 कलाकारों को मिलेगा 'राज्य कला पुरस्कार'</td><td colspan="2">• राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के तहत् नवंबर 2025 में राज्य के 9 कलाकारों तथा उनकी कृतियों को पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।<br>• पुरस्कार राशि : प्रत्येक कलाकार को 25,000 रु. नकद<br><table><tr><th></th><th>कलाकार</th><th>कृति</th></tr><tr><td>1.</td><td>जयंत शर्मा, जयपुर</td><td>सिटी ऑफ ड्यूंस</td></tr><tr><td>2.</td><td>श्वेता नैना, जयपुर</td><td>तारा–3</td></tr><tr><td>3.</td><td>मोहनलाल, बीकानेर</td><td>मत बाचों गठरिया</td></tr><tr><td>4.</td><td>रमेश कुमार, जयपुर</td><td>जयपुर की गलियाँ 1–2–3</td></tr><tr><td>5.</td><td>विकास कुमार, बूँदी</td><td>समूह–2</td></tr><tr><td>6.</td><td>उर्मिला शर्मा, जयपुर</td><td>अनुकल्प–1</td></tr><tr><td>7.</td><td>धीरज बलिहारा, हनुमानगढ़</td><td>वीविंग ट्रेडिशन</td></tr><tr><td>8.</td><td>करूणा (वनस्थली)</td><td>चाइल्डहूड–3</td></tr><tr><td>9.</td><td>शिवपाल कुमावत, सीकर</td><td>डिल्यूजन–II</td></tr></table></td></tr>
</table>

### क्रांतिकारी चारू चन्द्र बॉस आर्थिक सबलता पुरस्कार

- वर्ष 2025-26 में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए संचालित 'क्रांतिकारी चारू चन्द्र बॉस आर्थिक सबलता पुरस्कार' के ऑनलाईन प्रस्ताव के क्रम में।
- बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान की दो योजनाएँ–
  1. शारीरिक अक्षमतायुक्त बालिकाओं
  2. मूक बधिर एवं नेत्रहीन बालिकाओं
     – आर्थिक सबलता पुरस्कार योजना
- उक्त दोनों योजनाओं का विलय करते हुए एक योजना **'क्रांतिकारी चारू चन्द्र बॉस आर्थिक सबलता पुरस्कार योजना'** वर्ष 2025-26 से लागू की गई है, जिसमें राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग/नेत्रहीन/मूक बधिर बालिकाओं की ऑनलाईन प्रक्रिया नवम्बर में शुरू।

**बालिका शिक्षा फाउंडेशन –**
- **स्थापना :** 30 मार्च, 1995
- **मुख्यालय :** जयपुर
- **फाउण्डेशन पदेन अध्यक्ष :** मुख्यमंत्री
- **उपाध्यक्ष :** शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार
- **कार्य :** आर्थिक दृष्टि से निर्धन परिवारों की प्रतिभावान बालिकाओं को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## विज्ञान & प्रौद्योगिकी

### लाभकैल्क (Labhcalc) इंसेंटिव कैलकुलेटर

- **लॉन्च :** राजस्थान सरकार द्वारा निवेशकों की सुविधा हेतु
- **उद्देश्य :** राजस्थान में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की सतत् प्रगति सुनिश्चित करना।
- **महत्व :** RIPS- 2024 योजना के तहत् नवीन उद्योग स्थापित/विस्तारित करने पर मिलने वाले इंसेंटिव का सटीक अनुमान (वर्ष-वार) लगाने में सहायता करता है।

### चैटबॉट प्रणाली–बीमार पशुओं का उपचार

- **शुभारंभ :** पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा।
- **सफलता :** पिछले 6 माह में 82,713 पशुपालक जुड़े और 65,490 पशुओं को चिकित्सा सहायता उपलब्ध।
- महाराष्ट्र सरकार ने राजस्थान के **'1962 चैटबॉट मॉडल'** की प्रशंसा तथा राज्य में लागू का निर्णय लिया।

### शेर AK–203 राइफल का सफल परीक्षण

- **परीक्षण :** भारतीय सेना ने पुरानी इंसास (INSAS) राइफलों को बदलने हेतु नवीन 'शेर AK-203' राइफल का सफल परीक्षण जैसलमेर सीमा पर किया गया।
- **निर्माण :** कोरवा, अमेठी (उत्तर प्रदेश) में **'इंडो–रूस राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड'** के संयुक्त उद्यम के तहत् स्वदेशी स्टील से।
- **क्षमता :** लगभग 700 राउंड प्रति मिनट फायर दर।
- **रेंज :** लगभग 800 मीटर तक प्रभावी।
- **कैलिबर :** 7.62× 39mm

### ग्लोबल सोलर एक्सपो : 2025

- **आयोजन :** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- **अवधि :** 26-27 नवम्बर, 2025 तक।
- **शुभारंभ :** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा।
- **उद्देश्य :** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देना।
- **आयोजक :** ईक्यु इंटरनेशनल मैगजीन और सी2 जेड सोलर एंड डीकार्बनाइजेशन मार्केटप्लेस

## खेल–गतिविधियाँ

### 5वें खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) : 2025

- **मेजबान राज्य :** राजस्थान (पूर्णिमा विश्वविद्यालय)
- **अवधि :** 24 नवंबर–5 दिसंबर, 2025 तक
- **उद्घाटन :** SMS स्टेडियम, जयपुर में 24 नवंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा।
- **आयु वर्ग** – अंडर 25 (पुरुष एवं महिला)
- **शुभंकर : 'खम्मा और घणी'**



- **आयोजक संस्थाएँ** –
  - स्पोर्ट्स अॅथारिटी ऑफ इंडिया (SAI)
  - राज्य क्रीड़ा परिषद्, राजस्थान सरकार
  - भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU)
  - राष्ट्रीय खेल महासंघों-तकनीकी सहयोग

| | आयोजन स्थल (सात प्रमुख संभाग) | आयोजित खेल (24) |
|---|---|---|
| 1. | जयपुर | बास्केटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, टेनिस, फुटबॉल, तीरंदाजी, शूटिंग, मल्लखंभ, **साइक्लिंग** |
| 2. | जोधपुर | योगासन, टेबल टेनिस |
| 3. | उदयपुर | जूडो, **बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग–कयाकिंग** |
| 4. | बीकानेर | कबड्डी, भारोत्तोलन |
| 5. | कोटा | तलवारबाजी, वॉलीबॉल |
| 6. | अजमेर | **खो–खो प्रदर्शन खेल,** रग्बी खेल |
| 7. | भरतपुर | मुक्केबाजी, कुश्ती |

- **प्रतिस्पर्द्धा :** कुल 24 खेलों में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल (खो-खो) शामिल है।
- **प्रथम बार शामिल खेल** –
  1. बीच वॉलीबॉल
  2. कैनोइंग व कयाकिंग
  3. साइक्लिंग

| रैंक | विश्वविद्यालय | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (पंजाब) | 42 | 14 | 11 | 67 |
| 2. | लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU), पंजाब | 32 | 24 | 22 | 78 |
| 3. | गरू नानक देव यूनिवर्सिटी (GNDU), अमृतसर | 32 | 22 | 18 | 72 |
| 4. | जैन यूनिवर्सिटी (कर्नाटक) | 30 | 9 | 11 | 50 |
| 5. | गुरू काशी यूनिवर्सिटी (पंजाब) | 15 | 15 | 18 | 48 |

| क्र. स. | एथलीट नाम | खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीहरी नटराज | तैराकी | 9 | 2 | 0 |
| 2. | शॉअन गांगुली | तैराकी | 6 | 2 | 1 |
| 3. | भाव्या सचदेवा | तैराकी | 6 | 0 | 0 |
| 4. | अचल कचारू शहरे | तैराकी | 6 | 0 | 0 |
| 5. | पूजा | हाई जंप | 6 | 0 | 0 |

| क्र.सं. | खिलाड़ी/प्रतियोगिता | चर्चा में क्यो?/उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| 1. | **पूजा शर्मा, सीकर (कॉस्टीट्यूशन क्लब राजस्थान में खेल कोच)** | • अयोध्या, उत्तर प्रदेश में 4 नवंबर, 2025 को आयोजित जूनियर व सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते (गी वर्ग, नोगी वर्ग) |
| 2. | **अक्षतराव** | • बैगलुरु में 28 अक्टूबर–2 नवंबर तक आयोजित 42वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। |
| 3. | **देवांश सिंह<br>प्रद्युमन सिंह<br>वसु यादव** | • भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित जूनियर सलेक्शन ट्रायल फॉर एशियन कप स्टेज–3, जेड्डा (2025) में राजस्थान के तीनों खिलाड़ियों का चयन कम्पाउंड पुरुष भारतीय टीम में हुआ। |
| 4. | **मार्तंड रैना** | • जुलाई,2025 में ईस्ट बंगाल एफसी (एक आईएसएल क्लब) के साथ तीन वर्ष का अनुबंध किया।<br>• इंडियन सुपर लीग (ISL) क्लब में शामिल राजस्थान के प्रथम फुटबॉलर बन गए। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | आहान–आरव कर्णावट | • ताइक्वांडो में इंडिया व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्डर्स में नाम दर्ज।<br>• आहान = 1 मिनट में 113 किक्स लगाई।<br>• आरव = 1 मिनट में 274 किक्स लगाई। |
| 6. | दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी) | • पटाया, थाइलैंड में आयोजित एशियन इक्वैस्ट्रियन चैम्पियनशिप में भारतीय ड्रेसाज टीम ने **रजत पदक** जीता। दिव्यकृति सिंह इस टीम का हिस्सा थी। (स्वर्ण पदक – थाइलैंड)<br>• इस रजत पदक के साथ भारत की एकमात्र अश्वारोही बन गई है। जिन्होंने एशियाई खेलों और एशियन चैम्पियनशिप दोनों में पदक जीते। |
| 7. | कृष्णानागर (जयपुर) | • ह्यूलिक दाईहत्सु, जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप ने दो स्वर्ण पदक जीते –<br>• पुरुष एकल (**SH-6 कैटेगरी** )<br>• मिक्सड डबल्स (**SH-6**) नित्या श्री सवन के साथ |
| 8. | इशिता गुप्ता, (जयपुर) साइक्लिंग | • 9 नवम्बर, 2025 को गोवा में आयोजित आयरनमैन 70.3 वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीती।<br>• 1.9 कि.मी. तैराकी, 90 कि.मी. साइक्लिंग और 21.1 कि.मी. रनिंग 7.51 घंटे में पूरी कर राजस्थान की सबसे छोटी महिला विजेता बनी। |
| 9. | पोशिका गुप्ता, (जयपुर) शूटिंग | • अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। (कोच–योगेश यादव) |
| 10. | पाना देवी (गोल्डन दादी) बीकानेर एथलेटिक्स | • चेन्नई में आयोजित 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर दौड़, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रो में **चार स्वर्ण पदक** जीते।<br>• अब तक कुल 16 स्वर्ण पदक जीत चुकी। |
| 11. | तीशा ब्यादवाल (जयपुर) शतरंज **U-8** | • कॉमनवेल्थ शतरंज चैम्पियनशिप (कुआलालम्पुर, मलेशिया) में अंडर–8 कैटेगरी में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।<br>• ब्लिट्ज कैटेगरी – स्वर्ण<br>• क्लासिकल कैटेगरी – कांस्य |
| 12. | अनुया प्रसाद निशानेबाजी 10 मीटर एयरपिस्टल | • 25वें समर डेफलिंपिक टोक्यो (जापान) में 10 मीटर एयर पिस्टल में 241.1 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।<br>• प्रांजलि धूमल (236.80 स्कोर) के साथ रजत पदक भी जीता। |
| 13. | आदित्य पूनिया गोल्फ | • राजस्थान के सबसे युवा इंटरनेशनल गोल्फ रेफरी बने।<br>• रामबाग गोल्फ क्लब के सदस्य। |
| 14. | कुशाग्र सिंह राजावत जयपुर | • टोक्यो, जापान में 15–26 नवम्बर, 2025 को आयोजित 25वें समर डेफलिंपिक में निशोनबाजी में पुरुषों की 50मी. राइफल प्रोन कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। |
| 15. | अमरसिंह देवंदा, जयपुर | • बैकॉक थाइलैंड में 22–23 नवम्बर, 2025 को आयोजित एशिया ओशियाना 100 कि.मी. अल्ट्रा चैम्पियनशिप जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।<br>• 100 कि.मी. दौड़ 6घंटे 59 मिनट 37 सैकण्ड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। |
| 16. | अरूंधति चौधरी, कोटा | • ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित विश्व बॉक्सिंग कपः 2025 के फाइनल में राजस्थान के कोटा जिले की अरूंधति ने 70 किग्रा भार वर्ग में उज्बेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा को 5–0 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। |
| 17. | श्रेयांशी जैन, जयपुर | • मंगोलिया में आयोजित 'एशियन स्कूल शतरंज चैम्पिनयशिप : 2025' में अंडर–7 गर्ल्स वर्ग में तीन पदक जीते।<br>• रैपिड : स्वर्ण, क्लासिकल–रजत, ब्लिटज–कांस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | चार्ली शर्मा, जयपुर | • उत्तराखंड में आयोजित 'मुआय थाई नेशनल चैम्पियनशिप' में स्वर्ण पदक जीता।<br>• राजपुताना मुआय थाई एसोसिएशन, राजस्थान का प्रतिनिधित्व। |
| 19. | वैष्णवी शर्मा | • फेमिना मिस इंडिया राजस्थान : 2024 वैष्णवी शर्मा को इंडियन पिकलवॉल लीग टीम 'कैपिटल वॉरियर्स' गुरुग्राम का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। |
| 20. | अवनि लेखरा, जयपुर | • अल ऐन दुबई में आयोजित पैरा शूटिंग विश्वकपः2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिग स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।<br>• स्वीडन की अन्ना बेसनॉन को पराजित किया।<br>• 50मीटर थ्रीपी वुमेन में रजत पदक भी जीता।<br>(**स्वर्ण पदक** –अन्ना बेसनॉन, स्वीडन) |
| 21. | अम्बिका राणावत, राजसमंद | • 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में जूनियर महिला कैटेगरी में इंडिया ओपन मेंसन प्रतियोगिता, भोपाल (मध्य प्रदेश) में रैंक 1 के साथ नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। |
| 22. | 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप हैदराबाद | • आयोजन : 15–18 नवम्बर, 2025 तक हैदराबाद में।<br>• राजस्थान टीम का प्रदर्शन कुल 97 पदक जीते **(36G, 38S, 23B)**<br>• पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया। |
| 23. | आँगनबाड़ी ओलपिंक खेल : 2025 | • **अवधि** : 13–15 नवंबर, 2025 तक<br>• **थीम** : खेल–खेल में सीखो<br>• **निदेशालय** : समेकित बाल विकास सेवाएँ<br>• **विभाग** : महिला एवं बाल विकास विभाग |
| 24. | 'किंगडम ऑफ चेस' ओपन रैपिड चेस प्रतियोगिता | • **शुभारंभ : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा 9 नवंबर, 2025 को।**<br>• **कहाँ : राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।**<br>• **परिणाम :**<br>1. **मेन ओपन श्रेणी** : प्रथम–आदित्य ढींगरा (रु. 31,000 पुरस्कार)<br>द्वितीय–वर्णित दीक्षित (रु. 21,000 पुरस्कार)<br>2 **अंडर–17 श्रेणी** : बॉयज – दर्श शर्मा<br>गर्ल्स – अनुष्का यादव |
| 25. | राष्ट्रीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता 16–19 नवंबर, हैदराबाद | • राजस्थान टीम बालक वर्ग उप–विजेता<br>• कुल चार पदक (1 स्वर्ण, 2रजत, 1कांस्य) जीते<br>• **पदक विजेता : खिलाडी**<br>1. **विजेन्द्र कुमार** : 35 किलोग्राम भार वर्ग, (स्वर्ण)<br>2. **शुभम आचार्य** : 55 किलोग्राम भार वर्ग, (रजत)<br>3. **राहुल खारोल** : 60 किलोग्राम भार वर्ग, (रजत)<br>4. **अशोक गोदारा** : 30 किलोग्राम भार वर्ग, (कांस्य) |

# विविध–खबरें

## राज्यस्तरीय समारोह–जनजातीय गौरव दिवस

- **आयोजन :** 15 नवंबर, 2025 को डूंगरपुर में।
- **उपलक्ष्य :** भगवान बिरसा मूंडा की 150वीं जयंती।
- **शुभारंभ :** 60 जनजातिय छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आवासीय बैच का जयपुर से।
- **जनजाति गौरव सम्मान :** मीरा दौजा (झाडौल–उदयपुर) को मुख्यमंत्री ने 'एशियन लेक्रॉस गेम्स में भारत को रजत पदक दिलाने' की उपलब्धि के तहत् सम्मानित किया।
- **सैंधमाटी आदि धरोहर प्रलेखन योजना**
  - **उद्देश्य :** जनजातीय समुदायों की कला, संस्कृति, वाद्ययंत्र, पाक–कला और इतिहास का प्रलेखन करना।

## कॉर्पस–फंड

- **गठन :** राजस्थान सरकार द्वारा डेयरी क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करने हेतु।
- **स्वीकृत राशि :** 1000 करोड़ रूपये।

- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड।
- RCDF की दूग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़कर 75 लाख लीटर/प्रतिदिन हो जाएगी।
- पशु आहार उत्पादन क्षमता = 2550 मैट्रिकटन/प्रतिदिन

## वंदे मातरम् दीर्घा-राजस्थान विधानसभा

- **उद्घाटन** - राजस्थान विधानसभा में संविधान दिवस (26 नवंबर, 2025) के उपलक्ष्य पर अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने डिजिटल म्यूजियम में।
- **उपलक्ष्य :** केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर।
- **विशेषता :** राजस्थान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने निर्मित कर 37 पैनलों के तहत् राष्ट्रगीत इतिहास को सजीव किया।
- **'वंदेमातरम्' के रचयिता** - बंकिमचन्द्र चटर्जी (प्रथम बार प्रकाशन-1882)
- **राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का राजस्थानी में अनुवाद-इकराम राजस्थानी द्वारा।**

## यमुना प्रवाह यात्रा-राजस्थान

- **सरदार @ 150 यूनिटी मार्च :** 26 नवम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति सर्किल, जयपुर से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- **यात्रा मार्ग :** केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित चार यात्राओं में से दो राजस्थान के 10 जिलों से गुजरेगी।
  1. **यमुना प्रवाह यात्रा :**
     - जयपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, सिरोही
  2. **गंगा प्रवाह यात्रा :** अलवर, सवाई माधोपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर से होते हुए सरदार पटेल के जन्म स्थान करमसद, गुजरात पहुँचेगी।

## 4 व्यवसायिक सुधार क्षेत्रों में राजस्थान अव्वल

- **BRAP :** बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान : 2024 के तहत् उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य (Top Achiever) के रूप में मान्यता।
- **जारीकर्त्ता :** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार
- **चार क्षेत्रों के नाम** -
  1. व्यवसाय प्रदेश
  2. श्रम नियमन सुविधाएँ
  3. पर्यावरण पंजीकरण
  4. सेवा क्षेत्र

## पंचायतों के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी

- **कब :** 21 नवंबर, 2025 को राजस्थान के 41 जिलों में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन एवं नवीन पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी।

| | |
|---|---|
| नई पंचायतें | • 3,400 से अधिक नई पंचायतें जुड़ी।<br>• अब कुल संख्या 11,194 से बढ़कर 14,000 से अधिक हो गई है। |
| पंचायत समितियाँ | • 33 जिलों में 85 नई समितियाँ बनीं।<br>• कुल संख्या बढ़कर लगभग 450 हो गई है। |
| जिला परिषद | • संख्या 33 से बढ़कर 41 हो गई है। |

- **सर्वाधिक/न्यूनतम :** सर्वाधिक 270 नई पंचायतें बाड़मेर में तथा सबसे कम झालावाड़ (19) में बनी।
- नगर पंचायत समिति (डीग) : वर्तमान में ब्रज नगर
- सम पंचायत समिति (जैसलमेर): वर्तमान में खुहड़ी
- **समाप्त समितियाँ :** सीकरी (डीग) और भनोखर (अलवर)
- **अपवाद :** 8 जिलों (झालावाड़ भरतपुर, डीग, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़ पाली) में कोई नई पंचायत समिति नहीं बनी।

## प्रथम सिंचाई जल दक्षता सम्मेलन

- **आयोजन :** CCS NIAM, जयपुर 22 नवंबर, 2025
- **उद्देश्य :** सिंचाई क्षेत्र में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना।
- **आयोजक :** जल शक्ति मंत्रालय-राष्ट्रीय जल मिशन का जल उपयोग दक्षता ब्यूरो।
- **फोकस :** 'प्रति बूँद अधिक फसल' एवं पायलट Modernization of Command Area Development (MCAD) योजना पर।
- **जल उपयोग :** भारत में लगभग 80-85% मीठे जल का उपयोग कृषि कार्यो हेतु किया जाता है।
- **प्रस्तुत मॉडल :**
  - **लेह :** हित स्तूप
  - **कर्नाटक :** SCADA प्रणाली
  - **राजस्थान :** सूक्ष्म सिंचाई विस्तार
  - **हरियाणा :** मेरा पानी मेरी विरासत और 'सही फसल'

## जालौर में बनेगा इनलैण्ड पोर्ट

- **उद्देश्य :** राजस्थान का समुद्री मार्ग से व्यापार एवं औद्योगिक संभावनाओं को बढ़ाना।
- **समझौता :** इंडिया मैरीटाइम वीक (28 अक्टूबर, 2025) मुम्बई के दौरान राजस्थान नदी बेसिन प्राधिकरण एवं भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के मध्य।
- **जलमार्ग :** राष्ट्रीय जलमार्ग (NW-48) घोषित किया जो जवाई-लूनी 'रन ऑफ कच्छ' नदी प्रणाली का भाग है।
- **जुड़ाव :** राजस्थान का कांडलापोर्ट, गुजरात से।
- **लागत :** ड्रेजिंग (गाद निकालना) कार्य पर रु. 10,000 करोड़ से अधिक का व्यय।
- **सर्वेक्षण :** IIT मद्रास एवं जल संसाधन विभाग द्वारा।
- **लाभ :** वाटर एंड पावर कंसल्टेंसी की रिपोर्ट : 50,000 से अधिक रोजगार के पदों का सृजन।

## राज्यस्तरीय-पुलिस सम्मेलन

- **आयोजन :** 21 नवंबर, 2025 को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में।
- **थीम :** 'उत्कृष्टता के साथ पुलिसिंग-आगे की राह' (Policing with Excellence- Way Forward)
- **विषय :** कृत्रिम बुद्धिमता एवं साइबर अपराध, नए आपराधिक कानून : 2023 के प्रावधान।

## डूँगरी बाँध परियोजना

- **क्या :** संशोधित-PKC (पार्वती कालीसिंध चम्बल लिंक परियोजना) का भाग है।
- **लाभ :** सवाई माधोपुर एवं करौली जिले की लगभग 1.25 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा।
- केवल 16 गाँव डूब क्षेत्र से प्रभावित होंगे।
- बाँध बनास और मोरेल के बहाव क्षेत्र में पानी भराव के दृष्टिकोण से निर्मित किया जा रहा है।

## करनियाली, जोधपुर पेयजल परियोजना

- **शिलान्यास :** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा।
- **कब :** 24 नवंबर, 2025 को विधानसभा क्षेत्र लूणी के करनियाली गाँव में।
- **लागत व लाभ :** 277.49 लाख रु. एवं करनियाली से चैनपुरा भाटान तक 793 घरों को पेयजलापूर्ति होगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान

- **अवधि :** 4-18 नवम्बर, 2025 तक सम्पूर्ण राज्य में।
- **नोडल एजेंसी :** पुलिस विभाग एवं फील्ड को-ऑर्डिनेटर
- **आयोजक :** परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग।
- **उद्देश्य :** शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस रद्द करना, ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता।
- **विशेष :** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 45+ वर्ष आयु के सभी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण करवाया जाएगा।

## 298वाँ जयपुर स्थापना दिवस

- **कब :** 18 नवम्बर, 2025 को मनाया गया।
- **जयपुर की स्थापना :** 18 नवम्बर, 1727 ई.
- **वास्तुकार :** पंडित विद्याधर भट्टाचार्य और मिस्त्री आनंदराम द्वारा नौ वर्ग मील क्षेत्र में स्थित नगर को नौ चौकड़ियों में विभाजित कर योजना तैयार की गई थी।
- 1946 (भट्ट मथुरानाथ शास्त्री-संस्कृत में जयपुर की महिमा पर **'जयपुरवैभवम'** काव्य लिखा)
- इतिहासकार प्रो. गोविंद शंकर शर्मा के अनुसार समसामयिक ग्रन्थ **'वचन प्रमाण'** में वर्णित है : ***''जैसौ पुर संसार मैं नांहिन जग में आज''*** (वर्तमान में संसार में जयपुर जैसा काई नगर नहीं है।)
- राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का राजस्थानी में अनुवाद-इकराम राजस्थानी द्वारा।

## *संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी*

- **47वीं अखिल भारतीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता: 2025-26** जो 19-21 नवंबर, 2025 को पटियाला (पंजाब) में पंजाब पावर ने आयोजित की जिसमें मध्यप्रदेश पावर को पराजित कर राजस्थान टीम (कप्तान-दिनेश मीणा, सहायक अभियंता कोटा थर्मल) ने लगातार कौनसा पदक जीता?

  **– कांस्य पदक**
- राजस्थान का प्रथम सरकारी स्कूल जहाँ राजस्थान की प्रथम अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित कि जाएगी। जिसका उद्देश्य STEM शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों 'शिव शक्ति पॉइंट (चन्द्रयान-3 का लैंडिंग स्थल) से लेकर प्रज्ञान रोवर' तक का ज्ञान करवाना है?

  **– राजकीय महारानी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर**

- चन्द्रभागा मेले का आयोजन 4-6 नवम्बर, 2025 को कहाँ किया गया।

  **– झालावाड़**

- सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) - भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता के मामले में राजस्थान देश में किस पायदान पर है? **– प्रथम स्थान**

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास विभाग, राज.सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 11-13 नवंबर, 2025 तक राजस्थान के किस शहर में 'कृषि एवं पशुधन उद्यमिता' पर राष्ट्रीय कार्याशाला का आयोजन किया गया? **– उदयपुर शहर**

- भारतीय थल सेना, नौसेना, वायु सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'त्रिशुल' जिसका आयोजन 30 अक्टूबर-10 नवंबर, 2025 तक कहाँ किया गया?

  **– जैसलमेर**

- हाल ही में राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग (योगेश जोशी) ने एम.बी.पीजी सरकारी कॉलेज, हल्दवानी के सहयोग से हिमालय के बर्फीले इलाकों में फंगई की कौनसी दो नवीन प्रजातियाँ खोजी है? जो विश्व स्तर पर प्रथम खोज है?

  **1. आपीग्राफा एकेरोस्पोरा**

  **2. म्यूलेरेला स्पीसीलिए**

- हाल ही में 19 नवम्बर, 2025 को राज्य के प्रथम घूमर महोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा किन-किन शहरों/संभागों में किया गया। जिसमें करीब 6,000 महिलाओं-युवतियों ने भाग लेकर 'एशिया बुक ऑफ रिकॉड्स' में दर्ज करवाया।

  **– कोटा, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर अजमेर, बीकानेर, भरतपुर**

- हाल ही में सेन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल कार्डियोलॉजी के सम्मेलन ट्रांसकैथेटर कार्डियोवॉस्कुलर थेरैप्यूटिक्स : 2025 में जयपुर के किस डॉक्टर को 'बेस्ट ऑफ टीसीटी कोरोनरी केसेज विद द मास्टर्स' चुना गया।

  **– डॉ. रविन्द्र सिंह राव**

- राजस्थान की अंता (बारां) विधानसभा सीट (संख्या 193)पर 11 नवंबर, 2025 को मतदान और 14 नवंबर, 2025 को हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को पराजित कर कांग्रेस के किस प्रत्याशी ने 15,612 मतों के अंतर से जीत दर्ज की?

  **– प्रमोद जैन भाया (कांग्रेस)**

- **65वाँ लक्खी अन्नकूट महोत्सव : 2025** का आयोजन 9 नवंबर, 2025 को कहाँ हुआ जिसे 'ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज किया गया एवं 'विश्व का सबसे बड़ा हनुमान भोग (87.5 टन खाद्य सामग्री)' भी कहा गया? **– खोले के हनुमानजी मंदिर, जयपुर**

- **'नयी चेतना 4.0 : पहल बदलाव की'** अभियान का शुभारंभ 25 नवम्बर, 2025 को जयपुर से किया गया जिसका उद्देश्य डिजिटल माध्यमों से महिलाओं व बालिकाओं के विरूद्ध हिंसा की रोकथाम करना है? इस अभियान को कौनसा विभाग संचालित कर रहा है?

  **– ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार के अधीन राजीविका द्वारा संचालित।**

- विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम : 2026 के तहत् मतदाता सूची के डिजिटलीकरण कार्य 100% संपूर्ण करने में राज्य में प्रथम स्थान किस जिले ने प्राप्त किया है एवं इस कार्यक्रम की अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी, 2026 को प्रकाशित होगी?

  **– सलूम्बर**

- रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने 29 नवंबर, 2025 को राजस्थान के सीमावर्ती जिले **जैसलमेर-दिल्ली के मध्य** नई रेलसेवा संचालित की। जिसको केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस ट्रेन का क्या नाम रखा?

  **– स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस**

- सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, जयपुर और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराधों की रोकथाम और 'मिशन वात्सल्य' को सुदृढ़ करने हेतु 17-18 नवंबर, 2025 को अंतर एजेंसी राज्य सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?

  **– जयपुर**

- बांडगाँव, बाड़मेर निवासी BSF के जवान सांवलराम विश्नोई (26 जुलाई 2022 को कांगो UN मिशन में शहीद) को 21 नवम्बर, 2025 को भूज, गुजरात में आयोजित सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह में मरणोपरांत किस पदक से सम्मानित किया गया?

  **– राष्ट्रपति वीरता पदक (पत्नी वीरांगना रूक्मण देवी ने ग्रहण किया)**

- राजस्थान पुलिस की किस टास्क फोर्स के लोगों का विमोचन 11 नवंबर, 2025 को किया जो संकल्प, समर्पण और सतर्कता की भावना को दर्शाता है?

  **– एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF)**

❐ हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (HCM-RIPA : OTS) का कौनसा स्थापना दिवस समारोह 14 नवंबर, 2025 को मनाया गया?

**– 69वाँ स्थापना दिवस समारोह**

**– स्थापना = 14 नवंबर, 1957**

❐ भारतीय परिवहन मजदूर संघ के त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन का 26वाँ संस्करण 15-16 नवंबर, 2025 को राजस्थान के किस शहर में हुआ?

**– बीकानेर**

❐ केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और राज्य मंत्री संजय शर्मा ने 15 नवंबर, 2025 को **'श्री गुरूनानक वाटिका'** का लोकार्पण कहाँ किया?

**– अलवर (ग्रीन लंग्स मूंगस्का)**

❐ राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री जिनका हाल ही में निधन हुआ है, जो सहाड़ा (भीलवाड़ा) से दो बार विधायक भी रहे थे?

**– डॉ. रतनलाल जाट**

❐ राजस्थान सरकार ने **'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट : (GRAM : 2026)'** का आयोजन हेतु समिट पार्टनर फिक्की (FICCI) के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करके आयोजन की तिथि कब रखी'?

**– मार्च, 2026 (JECC सीतापुरा, जयपुर)**

❐ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के तत्वावधान में 14-16 अक्टूबर, 2025 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित वेस्टर्न जोन प्रतियोगिता में 'CBRN (कैमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर)' आपदाओं से निपटने के कौशल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 'राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF)' ने कौनसा स्थान हासिल किया?

**– द्वितीय स्थान**

❐ बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना के तहत् राजस्थान सरकार ने बैलों से खेती करने वाले चयनित लघु एवं सीमांत किसानों को प्रतिवर्ष कितनी राशि देने का निर्णय लिया है, जिससे पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा?

**– रु. 30,000**

**राजस्थान के महत्त्वपूर्ण समझौते : नवम्बर 2025**

| क्र.सं. | किन–किन के मध्य | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान पुलिस, जयपुर + राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात (24 नवंबर, 2025) | • स्मार्ट पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, आतंकवाद विरोधी रणनीति तैयार करना। • पुलिस प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता सुधार। |
| 2. | पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार + होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान (24 नवंबर, 2025) | • कोटा–हाड़ौती ट्रैवल मार्ट : 2–4 जनवरी, 2026 को कोटा में आयोजित करने के संदर्भ में |
| 3. | जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी + रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी | • पारस्परिक सहयोग से शैक्षिक नवाचारों (छात्रों को इंटर्नशिप प्लेसमेंट, रिसर्च पब्लिकेशन) को बढ़ावा देना। |
| 4. | IIT जोधपुर + सीमा सुरक्षा बल | • सीमाओं की सुरक्षा व निगरानी हेतु स्वदेशी आधुनिक तकनीक का विकास। • एंटी ड्रोन तकनीक विकसित करना। |
| 5. | ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार + सीएसईपी रिसर्च फाउंडेशन | • विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान आधारित नीतिगत निर्णयों को सुदृढ बनाना। |
| 6. | राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय + मैनचैस्टर विश्वविद्यालय, यूके | • चिकित्सा शिक्षा में शोध एवं अनुसंधान हेतु। |

# 02 राष्ट्रीय–समसामयिकी

## चर्चित स्थान

### पूर्वी लद्दाख का न्योमा एयरबेस

- **उद्घाटन :** 12 नवंबर, 2025 को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह द्वारा ।
- भारतीय वायु सेना का सबसे ऊँचा एयरबेस स्टेशन।
- समुद्र तल से 13,700 फीट की ऊँचाई पर स्थित।
- **निर्माण :** सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा 'प्रोजेक्ट हिमांक' के तहत।

### केरल

- केरल विधानसभा के विशेष सत्र में केरल को **'अत्यधिक गरीबी से मुक्त'** घोषित किया।
- केरल ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य बना।
- 2021 में अत्यधिक गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम (EPEP) शुरू किया।

## चर्चित व्यक्तित्व

### नारा भुवनेश्वरी

- **विशिष्ट फेलोशिप–2025 पुरस्कार :** एनटीआर मैमोरियल ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी नारा भुवनेश्वरी को जनसेवा में योगदान के लिए।
- **गोल्डन पीकॉक पुरस्कार:** हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नारा भुवनेश्वरी को कॉर्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए।
- **प्रदानकर्त्ता :** इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (UK)
- नारा भुवनेश्वरी आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्र बाबू नायडू की पत्नी है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

- अतंर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान (IDEA) की स्वीडन में आयोजित बैठक में अध्यक्षता करेंगे तथा वर्ष 2026 के लिए अंतर्राष्ट्रीय IDEA का अध्यक्ष पद संभालेंगे ।
  - अंतर्राष्ट्रीय IDEA की स्थापना–1995 ई.
  - **सदस्य देश–35 ;** पर्यवेक्षक देश–संयुक्त राज्य अमेरिका व जापान।
  - भारत इसका संस्थापक सदस्य है।
- हाल ही में इन्हें IIT कानपुर द्वारा विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### प्रोफेसर वैद्येश्वरन राजारमन

- 8 नवंबर, 2025 को निधन हो गया।
  - भारत में कंप्यूटर विज्ञान के जनक।
  - 1965 में IIT कानपुर में भारत का पहला कंप्यूटर विज्ञान **एम.टेक. प्रोग्राम** शुरू किया।
  - भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर में **सुपरकंप्यूटर शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र** के अध्यक्ष (1982–1994) रहे।
- **सम्मान :** शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार(1976) , पद्म भूषण(1998)

### ही–मैन धर्मेंद्र देओल

- 24 नवम्बर, 2025 को मुम्बई में निधन हो गया।
- भारतीय जनता पार्टी की ओर से बीकानेर, (राजस्थान) से **लोकसभा सदस्य** (2004–2009)रहें।
- **पुरस्कार : पद्म भूषण (2012)**, फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट (1997), राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (1990), IIFA लाइफटाइम अचिवमेंट अवॉर्ड – (2007)

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### 32वीं उत्तरी क्षेत्रीय परिषद् बैठक

- **आयोजन:** फरीदाबाद, हरियाणा में
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह
- **शामिल राज्य/केंद्र शासित प्रदेश :** हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, **राजस्थान**, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़

**क्षेत्रीय परिषद्**

- **स्थापना :** राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत् कुल **5 क्षेत्रीय परिषदें** स्थापित की गई
- **अध्यक्ष :** केंद्रीय गृह मंत्री
- **उपाध्यक्ष :** सदस्य राज्यों में से हर वर्ष किसी एक राज्य का मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष नामित होता है।

## 30वाँ CII साझेदारी शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन** : 14-15 नवंबर, **विशाखापत्तनम, आन्ध्र प्रदेश**
- **आयोजक** : भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से।
- **थीम** : 'प्रौद्योगिकी, विश्वास और व्यापार : नई भू-आर्थिक व्यवस्था का मार्गदर्शन'
- **स्पेस सिटी (श्रीहरिकोटा)** : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने आंध्र प्रदेश में शिलान्यास किया।
- **ड्रोन सिटी (कुरनूल)** : भारत की **पहली** समर्पित ड्रोन सिटी
- **नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NICDC), नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (NLDSL) और आंध्र प्रदेश सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन** : यूनिफॉयड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (ULIP) का लाभ उठाकर आंध्र प्रदेश में लॉजिस्टिक्स परिदृश्य को डिजिटल बनाना।

## Co-Op Kumbh 2025

- **शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**
- **आयोजन** : 10-11 नवंबर, 2025; नई दिल्ली।
- **आयोजक** : राष्ट्रीय शहरी सहकारी बैंक और ऋण समिति संघ (NAFCUB), सहकारिता मंत्रालय।
- **विषय** : 'सपनों का डिजिटलीकरण-समुदायों का सशक्तिकरण'।
- **सहकार डिजी-पे और सहकार डिजिलोन ऐप लॉन्च** : छोटी शहरी सहकारी समितियों को डिजिटल भुगतान तथा ऋण सेवाओं से जोड़ने के लिए।
- **लक्ष्य** : सरकार **अगले पाँच वर्षों** में **2 लाख से अधिक आबादी** वाले सभी शहरों में **शहरी सहकारी बैंक** स्थापित करेगी।

## अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन : 2025

- **आयोजन** - 7-9 नवंबर ; **गुरुग्राम, हरियाणा**
- **विषय** - 'शहरी विकास और गतिशीलता संबंध'
- 19वाँ UMI सम्मेलन और प्रदर्शनी-2026 भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित होगी।
- **पुरस्कार** : **8 श्रेणियों** में उत्कृष्ट शहरी परिवहन पहलों को सम्मानित किया गया।

| पुरस्कार श्रेणी | विजेता शहर | संगठन |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली | चेन्नई | मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (चेन्नई) लिमिटेड |
| सर्वश्रेष्ठ गैर-मोटर चालित परिवहन प्रणाली | उदयपुर | उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड |
| सबसे नवीन वित्तपोषण तंत्र | पिंपरी चिंचवाड़ | पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम |
| सर्वश्रेष्ठ हरित परिवहन पहल | हैदराबाद | तेलंगाना नवीकरणीय ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड |
| सर्वश्रेष्ठ मल्टीमॉडल एकीकरण के साथ मेट्रो रेल | चेन्नई | चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड |
| सर्वोत्तम यात्री सेवा व संतुष्टि वाली मेट्रो रेल | दिल्ली | दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड |

## राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025

- **आयोजन** : 8-9 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली
- **विषय** : 'सतत् शहरी विकास और सुशासन'
- **आवास एवं पर्यावास पर सार्वजनिक नीति केंद्र** (दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान में ) व **IIRS संकलन ऐप** का शुभारंभ किया।
- **घोषणा** : भारत अप्रैल 2026 में **ब्रिक्स शहरी मंच** और **शहरी प्रौद्योगिकी एक्सपो** की मेजबानी करेगा।

## नई दिल्ली में आयोजित विभिन्न सम्मेलन

| सम्मेलन | आयोजक | विषय / विवरण |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय सम्मेलन : कानूनी सहायता वितरण तंत्र को सशक्त बनाना | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA)। | प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान **सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण मॉडल** का शुभारंभ किया। |
| **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) : विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत् स्थापित**<br>• अधिनियम 9 नवंबर, 1995 (राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस) को प्रभावी हुआ<br>• हाल ही में जस्टिस विक्रम नाथ को राष्ट्रपति द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। | | |
| **तीसरा अंतर्राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन सम्मेलन (ICGH-2025)** | नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MoNRE) व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) कार्यालय द्वारा | **उद्देश्य** : राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) के रोडमैप को आगे बढ़ाना। हाइड्रोजन उत्पादन, मांग, नवाचार और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना। |
| **अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025** | | **उद्देश्य** : महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष का उत्सव मनाना।<br>• ज्ञान ज्योति महोत्सव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा। |
| **6वां इंटरनेशनल सस्य विज्ञान कांग्रेस (IAC-2025)** | भारतीय सस्य विज्ञान सोसाइटी (ISA) द्वारा | **विषय** – स्मार्ट कृषि–खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण संरक्षण हेतु सस्य विज्ञान का पुनः अवलोकन |
| **नेशनल वन हेल्थ मिशन असेंबली 2025** | स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग | **विषय** : ज्ञान को व्यवहार में लाना – वन अर्थ, वन हेल्थ, वन फ्यूचर |
| **3rd वार्षिक भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव** | USI (यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) | इस दौरान 3 पुस्तकों का भी विमोचन किया गया–<br>1. **''द सुक्रांति–स्टेटक्राफ्ट एण्ड वॉर क्रॉफ्ट''** : पी.के. गौत्तम<br>2. **ऑनर्स – अवार्ड्स ऑफ द इण्डियन आर्म्ड फोर्सेज** : डॉ. ए.के.मिश्रा<br>3. **75 इयर्स ऑफ इंडियाज कॉंट्रिब्यूशन टू यूएन पीसकीपिंग** : पी.के.गोस्वामी |
| **भारत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन 2025** | | **विषय** : ''विस्तारित क्षितिज : नए युग में नवाचार, समावेश और लचीलापन'' |

| अन्य प्रमुख सम्मेलन | आयोजन | आयोजक | विषय/विवरण |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन | 10–11 नवंबर, 2025 गुंटूर, आंध्रप्रदेश | भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय | **उद्देश्य** – प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (WDC-PMKSY 2.0) के **वाटरशेड विकास घटक** के प्रगति की समीक्षा करना।<br>• सम्मेलन में **'मिशन वाटरशेड पुनरुद्धार'** का शुभारम्भ व **वॉटरशेड महोत्सव** का आयोजन किया गया। |
| एशियाई बीज कांग्रेस 2025 | 17–21 नवंबर, 2025 मुम्बई (महाराष्ट्र) | भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ और भारतीय बीज उद्योग महासंघ द्वारा | **विषय** : 'गुणवत्तापूर्ण बीजों द्वारा समृद्धि के बीज बोना'<br>एशिया और प्रशान्त बीज महागठबंधन का प्रमुख आयोजन |
| तीन नए आपराधिक कानूनों पर राष्ट्रीय सम्मेलन | 8–9 नवंबर, 2025, भोपाल (मध्य प्रदेश) | गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी | **उद्देश्य** : नए आपराधिक कानूनों की समझ और कार्यान्वयन पर विचार–विमर्श करना। |
| राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता सम्मेलन–2025 | 27 नवंबर, 2025 को विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय **(MoWCD)** | **विषय** : विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) का गैर–संस्थागत पुनर्वास |
| 60वें पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन | 29–30 नवंबर, 2025 को भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़ में। | | **विषय** : 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' |
| हिमालयन कॉन्क्लेव 2025 | 13–15 नवंबर 2025, अल्मोड़ा, उत्तराखंड। | जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (NIHE)। | **विषयः** 'भारतीय हिमालयी क्षेत्र–2047: सतत सामाजिक–आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण'।<br>**उद्देश्यः** विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप भारतीय हिमालयी क्षेत्र (11 राज्य व 2 केंद्रशासित प्रदेश) के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण विकसित करना। |
| विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन **(WSDM)** 2025 | 28 –30 नवंबर, 2025 तक देहरादून, उत्तराखंड | उत्तराखंड विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (UCOST) द्वारा | **विषय** : 'लचीले समुदायों के निर्माण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना' |
| चौथा राष्ट्रीय इएमआरएस खेलकूद सम्मेलन 2025 | 11–15 नवंबर, 2025 तक राउरकेला, सुंदरगढ़ और राजगांगपुर (ओडीशा) | राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय मंत्रालय द्वारा | यह खेलकूद सम्मेलन 21 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों खेल उत्कृष्ट को बढ़ावा देता है। |
| 13वाँ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हाट **(ITM)** | 13–16 नवंबर 2025 गंगटोक, सिक्किम | केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय व सिक्किम सरकार | |
| **CSIR-ISRO** अंतरिक्ष सम्मेलन–2025 | बेंगलुरु | CSIR व ISRO संयुक्त रूप से | **उद्देश्य** : मानव अंतरिक्ष उडान कार्यक्रम के लिए भारत की तैयारियों को मजबूत करना। |
| 3rd अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन | साओपाउलो (ब्राजील) | | **विषय** : आयुर्वेद में विविधता और समावेश : प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक प्राणी की देखभाल |
| इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (IISF 2025) | चंडीगढ़ में | पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से । | |

# पोर्टल/एप

## व्यापार आसूचना और विश्लेषण (TIA) पोर्टल

- **शुभारंभ :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा ।
- **उद्देश्य :** सक्षम और सुलभ व्यापार संबंधी इंटेलिजेंस जानकारी प्रदान करना, जिससे व्यवसायों को समर्थन प्राप्त होगा और साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण को मजबूत मिलेगी।

## डिजिटल लेबर चौक ऐप

- **लॉन्च :** श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा ।
- **उद्देश्य:** श्रमिकों और नियोक्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ना।

## स्टार्टअप कॉमन एप्लीकेशन जर्नी

- **शुभारंभ :** जन समर्थ पोर्टल पर ।
- **लॉन्चकर्ता :** वित्तीय सेवा विभाग (DFS), वित्त मंत्रालय
- **विकास :** Indian Banks' Association (IBA)
- पोर्टल सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से ऋण प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप्स को एक सिंगल डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता।

# उत्सव/महोत्सव

## वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगाँठ

- **शुभारंभ :** 7 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में
- **अवधि :** 7 नवंबर, 2025-7 नवंबर, 2026 तक
- **आयोजक:** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया

**'वंदे मातरम्'**

- **अर्थ** - "माँ, मैं तुम्हें प्रणाम करता हूँ।"
- **रचयिता :** बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर, 1875 (अक्षय नवमी) को।
- वर्ष 1882- आनंदमठ में प्रथम बार प्रकाशित किया।
- कलकत्ता अधिवेशन,1896 - रवींद्रनाथ टैगोर ने वंदे मातरम् गाया।
- 24 जनवरी, 1950 - डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में घोषित किया।

## 9वाँ गंगा उत्सव 2025

- **थीम :** 'नदी की आवाजें और लय : तकनीकी और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियाँ'
- **आयोजक :** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग)

## अक्षर महोत्सव 2025

- **आयोजन :** 14-16 नवंबर, 2025; नई दिल्ली
- **आयोजक :** संस्कृति मंत्रालय द्वारा द कैलिग्राफी फाउंडेशन के साझेदारी से ।
- **विषय :** 'अक्षर-संस्कृति - संस्कृति के स्तंभ के रूप में अक्षर'।
- **आदर्श वाक्य :** 'लेखन से सुलेखन'

## 44वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

- **आयोजन :** 14-27 नवंबर, 2025; नई दिल्ली में
- **आयोजक :** भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन
- **थीम :** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'
- **'साझेदार राज्य':** बिहार, महाराष्ट्र, **राजस्थान,** उत्तर प्रदेश

- **भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला पुरस्कार**

| श्रेणी | स्वर्ण पदक | श्रेणी | स्वर्ण पदक |
|---|---|---|---|
| भागीदार राज्य | राजस्थान | राज्य और केंद्रशासित प्रदेश | ओडिशा |
| फोकस राज्य | झारखंड | विषयगत प्रस्तुति | मेघालय |
| जनसंपर्क एवं संचार श्रेणी | केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) | विदेशी मंडप | थाईलैंड (थाई एसएमई एक्सपोर्टर एसोसिएशन) |
| मंत्रालय और सरकारी विभाग | रक्षा मंत्रालय | सशक्त भारत (सरकारी विभाग) | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय |

## 2nd भारतीय कला महोत्सव 2025

- **आयोजन :** 21 -30 नवंबर, 2025 तक सिकंदराबाद में।
- **आयोजक :** राष्ट्रपति निलयम द्वारा संस्कृति मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से
- **उद्घाटन :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा।

- **उद्देश्य :** पश्चिमी भारत (गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव) की सांस्कृतिक विरासत जैसे कि हस्तशिल्प, नृत्य, संगीत, साहित्य, और परंपराओं को प्रदर्शित करना।
- पहले संस्करण में पूर्वी भारत की सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया था।

# महत्त्वपूर्ण समझौते

| MoUs | उद्देश्य/अन्य विशेषता |
|---|---|
| भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (GeM) और संयुक्त राष्ट्र लैंगिक समानता और महिला शक्तिकरण निकाय (UN Women) के मध्य | अनौपचारिक क्षेत्र की महिला उद्यमियों को देश की सार्वजनिक खरीद पारिस्थितिकी में सशक्तिकरण और एकीकरण बढ़ाने के लिए। |
| नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन और सीएफए इंस्टीटट्यूट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ। | भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय साक्षरता और शासन को बढ़ावा देना। |
| सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (IICA) के साथ | राष्ट्रीय, राज्य, ESG (Environmental, Social, Governance) और सीएसआर संकेतकों को एकीकृत करते हुए व्यापक सतत विकास लक्ष्य रूपरेखा का विकास करना |
| भारतीय सर्वेक्षण विभाग (SoI) ने सी.ई. इन्फो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (MapmyIndia) के साथ | अत्याधुनिक राष्ट्रीय भू–स्थानिक प्लेटफॉर्म विकसित करने हेतु |
| भारत सेलुलर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (ICEA) और ग्लोबल सेमीकंडक्टर अलायंस (GSA) के मध्य | वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत के एकीकरण में तेजी लाना। |
| कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) और ऑटोडेस्क के बीच | डिजिटल क्षमताओं का निर्माण करना, जिससे राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (NSTI) एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) के प्रशिक्षकों व शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि हो। |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय व फिजिक्स वाला (PW) फाउंडेशन के मध्य। | अनुसूचित जाति, ओबीसी, और पीएम केयर्स बाल योजना के 15,000 छात्रों को निःशुल्क ऑनलाइन संरचित कोचिंग प्रदान करना |
| टेलीमेटिक्स विकास केंद्र (C-DOT) एवं IIT गांधीनगर | दूरसंचार और साइबर सुरक्षा में अनुसंधान एवं स्वदेशी विकास को बढ़ावा देने हेतु **उत्कृष्टता केंद्र (CoE)** की स्थापना |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (DHR) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) के बीच MoU नवीनीकरण | आयुष्मान भारत पीएम–जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) में साक्ष्य–आधारित नीति निर्माण और तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना। |
| बनास डेयरी और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) के बीच | आलू के लिए 'बीज से बाजार तक' एक व्यापक मूल्य श्रृंखला विकसित करना<br>▪ **बनास डेयरी** – अमूल का हिस्सा है और एशिया की सबसे बड़ी सहकारी डेयरी है |
| टाटा पावर कंपनी लिमिटेड ने भूटान की ड्रुक ग्रीन पावर टाउनशिप लिमिटेड के साथ कमर्शियल MoU | **दोरजिलुंग प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए**<br>▪ यह 1,125 ड्रेनेज रन–ऑफ–द–रिवर प्रोजेक्ट भूटान में कुरिचु नदी पर स्थित |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ। | दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के द्वारा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध–घुमंतू जनजातियों (DNT) के समावेशी विकास और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना<br>▪ डीएनटी सखी' योजना की शुरूआत की जाएगी। |
| टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (C-DOT), दूरसंचार विभाग ने (IIT) रुड़की के साथ। | सी–डॉट IIT रुड़की में उत्कृष्टता केंद्र (CoE) की स्थापना करेगा।<br>**प्राथमिक उद्देश्य** : उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों में स्वदेशी अनुसंधन, नवाचार और क्षमता निर्माण में तेजी लाना |

# पुरस्कार/अवॉर्ड

## 56वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)

- **आयोजन :** 20-28 नवंबर, 2025, गोवा में
- **आयोजक :** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, सूचना प्रसारण मंत्रालय (MoIB), भारत सरकार, और एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ESG) द्वारा संयुक्त रूप।
  - फोकस कंट्री - जापान
  - पार्टनर कंट्री - स्पेन
  - स्पॉटलाइट कंट्री - ऑस्ट्रेलिया
- दक्षिण एशिया का सबसे पुराना फिल्म महोत्सव (स्थापना - 1952)।

### प्रमुख पुरस्कार विजेता

- **'गोल्डन पीकॉक' पुरस्कार**
  - **सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म :** 'स्किन ऑफ यूथ' (निर्देशक- एशले मेफेयर)
- **सिल्वर पीकॉक पुरस्कार**
  - **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** संतोष दवाखर ( मराठी फिल्म 'गोंधळ' के लिए )
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष):** उबेइमार रियोस (फिल्म 'ए पोएट' में अभिनय के लिए)
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** सोफिया ओस्तान (फिल्म 'लिटिल ट्रबल गर्ल्स' में अभिनय के लिए)
  - **विशेष जूरी पुरस्कार :** फिल्म 'माई फादर्स शैडो' को (ब्रिटिश नाइजीरियाई फिल्मकार अकिनोला डेविस जूनियर की )
- **अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कार**
  - **सर्वश्रेष्ठ नवोदित फीचर फिल्म निर्देशक : हेसम फराहमंद** (ईरानी फिल्म 'माई डॉटर्स हेयर') और **टोनीस पिल** (एस्टोनियाई फिल्म 'फ्रैंक') को संयुक्त रूप से।
  - **सर्वश्रेष्ठ नवोदित फीचर फिल्म निर्देशक (भारत) :** करण सिंह त्यागी (फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' के लिए)
  - **सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी):** बंदिश बैंडिट्स सीजन 02 को
- **अभिनेता श्री रजनीकांत :** भारतीय सिनेमा में उनके 50 वर्ष के उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और IFFI की साझेदारी से बच्चों के बारे में पाँच फिल्मों को प्रदर्शित किया गया।
  - जन्मदिन मुबारक हो (मिस्र)
  - कदल कन्नी (भारत/तमिल भाषा)
  - पुतुल (भारत/हिन्दी भाषा)
  - **शुरूआत :** 2022 से

### आईसीएफटी यूनेस्को गांधी पदक

- **विजेता :** फिल्म "सेफ हाउस" (निर्देशक - एरिक स्वेन्सन) ।
- **शुरुआत :** 46वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में ।
- **प्रदाता : यूनेस्को** द्वारा **अंतरराष्ट्रीय फिल्म, टेलीविजन और ऑडियोविजुअल संचार परिषद (ICFT) पेरिस** के सहयोग से।

### पांचवां क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो 2025

- 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित।
- **पुरस्कार विजेता**
  - **सर्वश्रेष्ठ फिल्म :** द पेपर स्काई (टीम ब्लू)
  - **उप विजेता फिल्म :** द स्पिट शो (टीम ग्रीन)
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता :** अर्पित राज (टीम ब्लू)
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री :** सजुमी हमलकर (टीम ग्रीन)

## 19वाँ WAVES फिल्म बाजार 2025

- **आयोजन :** 20-24 नवम्बर, 2025 को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के साथ।
- वेब्स बाजार में ऑस्ट्रेलिया कम्पनियों के साथ चार समझौतें किए गए।
- वेव्स फिल्म बाजार और IFFI ने एलटीआईमाइंडट्री के सहयोग से पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फिल्म फेस्टिवल व सिनेमा एआई हैकाथॉन का आयोजन किया।

### 1st आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार

- **प्रमुख पुरस्कार :** सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन- क्यारा
  - **सबसे नवोन्मेषी एनिमेशन फिल्म** - द सिनेमा दैट नेवर वॉज
  - **सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन शॉर्ट फिल्म** - नागोरी (फ्रांस)

### 1st 'सिनेमा एआई हैकाथॉन 2025' पुरस्कार

- एआई-आधारित फिल्म मेकिंग में प्रतिभा को सम्मानित किया गया।

| पुरस्कार श्रेणी | फिल्म का नाम | टीम/निर्देशक |
|---|---|---|
| बेस्ट एआई फिल्म | माई रेड क्रेयॉन | टीम कल्पंक (निर्देशक: आयुष राज) |
| एआई के सबसे इनोवेटिव उपयोग | रिमोरे | टीम एटॉमेस्ट (निर्देशक : केयूर कजावादरा) |
| बेस्ट स्टोरीटेलिंग | लॉस्ट एंड फाउंड | समरेश श्रीवास्तव और यज्ञ प्रिय गौतम (निर्देशक: समरेश श्रीवास्तव) |
| बेस्ट विजुअल्स | बींग | टीम इंडीवुड और वंडरवॉल मीडिया नेटवर्क (निर्देशक: सुमेश लाल) |

## बाल साहित्य पुरस्कार 2025

- साहित्य अकादमी द्वारा मान्यता प्राप्त **24 भारतीय भाषाओं** में पुरस्कारों की घोषण की गई।
- **सम्मान** – विजेता को 50 हजार रूपये और एक कांस्य पट्टिका प्रदान की जाती है।

| भाषा | पुस्तक/रचना | लेखक/लेखिका |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | दक्षिण : साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैबल्स रिटोल्ड (कहानियां) (Dakshina: South Indian Myths and Fables Retold) | नितिन कुशलप्पा एम.पी. |
| हिंदी | एक बटे बारह (नॉन–फिक्शन) | सुशील शुक्ला |
| राजस्थानी | पंखेरुव नी पीड़ा (नाटक) | भोगीलाल पाटीदार |
| संस्कृत | बलविस्वम (कविता) | प्रीति आर. पुजारा |

## प्रथम जल संचय जन भागीदारी (JSJB) पुरस्कार

- इस वर्ष कुल **100 पुरस्कारों** की घोषणा की गई।
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश

  1. तेलंगाना 2. छत्तीसगढ़ 3. राजस्थान
- **JSJB पहल की शुरूआत** 2024 **में सूरत, गुजरात से की गई।**
  - **जल शक्ति अभियान:** कैच द रेन (JSA : CTR)के तहत संचालित।

## राष्ट्रीय K9 वीरता पुरस्कार

- सरदार वल्लभभाई पटेल RRU राष्ट्रीय K9 वीरता पुरस्कार-2025 BSF की **ट्रैकर डॉग 'बबीता'** को दिया गया।
- बबीता पंजाब के अमृतसर सेक्टर में तैनात ।

## 6वाँ राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2024

- **शुरुआत :** 2018 में जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा।
- वर्ष 2024 के लिए **10 श्रेणियों** में संयुक्त विजेताओं सहित कुल **46 विजेताओं** को सम्मानित किया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ राज्य** –

  1. महाराष्ट्र 2. गुजरात 3. हरियाणा

| श्रेणी | प्रथम स्थान (संयुक्त विजेता) | द्वितीय स्थान (संयुक्त विजेता) |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय | नवी मुंबई (महाराष्ट्र) | भावनगर (गुजरात) |
| सर्वश्रेष्ठ संस्थान (विद्यालय या महाविद्यालय के अलावा) (इनसाइड–कैंपस श्रेणी) | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर (गुजरात)<br>केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोवा | बिरला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, पिलानी (राजस्थान)<br>इस्लामिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अवंतीपोरा (जम्मू–कश्मीर) |
| सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ (WUA) | वेट्टईकरनपुदुर नहर ओदायाकुलम गांव WUA, कोयंबटूर (तमिलनाडु) | कनिफनाथ WUA, नासिक (महाराष्ट्र) |
| सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज | बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, बनासकांठा (गुजरात) | अंबुजा फाउंडेशन, जयपुर (राजस्थान) |
| सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत | दुब्बिगनिपल्ली, अन्नामय्या (आंध्र प्रदेश)<br>पयम, कन्नूर (केरल) | कावेश्वर, खंडवा (मध्य प्रदेश),<br>मुरुगुम्मी, प्रकाशम (आंध्र प्रदेश) |
| सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय | कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर (छत्तीसगढ)<br>आर्मी पब्लिक स्कूल, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) | बीएचएसएस, जैनाकोट, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) |
| सर्वश्रेष्ठ उद्योग | अपोलो टायर्स लिमिटेड, कांचीपुरम (तमिलनाडु) | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, गुरुग्राम (हरियाणा) |
| नोट : सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्त्ता संघ श्रेणी में खरनाल **WUA,** श्री गंगानगर (राजस्थान) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। | | |
| **क्षेत्र** | **सर्वश्रेष्ठ जिला (प्रथम)** | **जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति (प्रथम)** |
| पूर्व | राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) | श्री किशोर जायसवाल (बिहार) |
| पश्चिम | खरगोन (मध्य प्रदेश) | श्री बजरंग लाल जैथू (राजस्थान) |
| उत्तर | मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) | श्री मोहन चंद्र कांडपाल (उत्तराखंड) |
| दक्षिण | तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) | श्री पोडल्ली राजशेखर राजू (आंध्र प्रदेश) |

## प्रथम रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार 2025

- रामोजी फिल्म सिटी, तेलंगाना द्वारा 7 श्रेणियों में प्रदान किए गए।

| श्रेणी | प्राप्तकर्ता |
|---|---|
| ग्रामीण विकास | श्रीमती अमला अशोक रुइया |
| युवा आइकन | श्री श्रीकांत बोल्ला |
| विज्ञान और प्रौद्योगिकी | प्रो. माधवी लता गली |
| मानवता की सेवा | श्री आकाश टंडन |
| कला और संस्कृति | प्रो. सथुपति प्रसन्ना |
| पत्रकारिता | श्री जयदीप हार्डिकर |
| महिला उपलब्धि | श्रीमती पल्लबी घोष |

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (NGRA) 2025

- **घोषणा :** पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा।
- **वितरण :** 26 नवंबर, 2025 (राष्ट्रीय दुग्ध दिवस)
- **शुरूआत :** 2021 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत्।

| श्रेणी(गैर–पूर्वोत्तर क्षेत्र) | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार (संयुक्त) | तृतीय पुरस्कार (संयुक्त) |
|---|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान | श्री अरविन्द यशवंत पाटिल, महाराष्ट्र | डॉ. कंकनाला कृष्ण रेड्डी, तेलंगाना | **श्री हर्षित झूरिया, सीकर, राजस्थान** कुमारी श्रद्धा सत्यवान धवन, अहमदनगर, महाराष्ट्र |
| सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/डेयरी किसान उत्पादक संगठन | मीनन गाडी क्षीरोलपदका सहकारण संघम, केरल | **घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, राजस्थान** कुन्नमकड्डुपति सहकारण संघम, केरल | टीवाईएसपीएल 37 सेंदुरई मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, अरियालुर, तमिलनाडु |
| कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (A.I.T.) | श्री दिलीप कुमार प्रधान, अनुगुल, ओडिशा | **श्री विकास कुमार, हनुमानगढ़, राजस्थान** | श्रीमती अनुराधा चकली, नंद्याल, आंध्र प्रदेश |

### इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार 2024

- **प्राप्तकर्ता** : मिशेल बाचेलेट, (चिली की पहली और एकमात्र महिला राष्ट्रपति)
- **प्रदानकर्ता** : इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट (अध्यक्ष सोनिया गांधी)
- पुरस्कार मानवाधिकार, लैंगिक समानता और वैश्विक न्याय में आजीवन योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक- 2025

- विभिन्न राज्यों/संघशासित प्रदेशों/केन्द्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक (CAPFs)/ केन्द्रीय पुलिस संगठनों (CPOs) के **1,466** कर्मियों को सम्मानित किया गया।
- **घोषणा** –सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती(31 अक्टूबर) पर
- **पदक** –गृह मंत्रालय द्वारा **फरवरी 2024** में स्थापित किया गया।
- चार क्षेत्रों **(विशेष अभियान, जांच, खुफिया जानकारी और फोरेंसिक विज्ञान)** में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वालों को प्रदान किया जाता है।

### भविष्य निधि पुरस्कार 2025

- EPFO की संस्थान **पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी** को **दो** भविष्य निधि पुरस्कार दिए गए।
  - क्षमता निर्माण में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के लिए।
  - **विशेष पहल** – शासन की पुनर्कल्पना: उत्कृष्टता के लिए संवाद [RGDE] के लिए।

### पादप सहकारी संरक्षक पुरस्कार

- **प्रदाता:** पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (PPV-FRA), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
- **प्रमुख पुरस्कार प्राप्तकर्ता :**

| | |
|---|---|
| कम्यूनिटी सिड बैंक (तेलंगाना) | श्री भूपेंद्र जोशी (उत्तराखंड) |
| शिक्षा निकेतन, पूर्व वर्धमान (पश्चिम बंगाल) | श्री टी. जोसेफ (केरल) |
| सीआरएस–एन, दिहिंग तेंगा समेकित समिति (असम) | श्री नकुल सिंह (बिहार) |
| मिथिलांचल मखाना उत्पादक संघ | श्री नरेंद्र सिंह (उत्तराखंड) श्री लक्षण प्रमाणिक श्री अनंतमूर्ति जे |

# पर्यावरण

### गोगाबिल झील

- भारत ने **बिहार के** कटिहार जिले में स्थित गोगाबिल झील को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया।
- भारत की **94वीं रामसर आर्द्रभूमि**।
- बिहार का पहला सामुदायिक अभ्यारण्य (Community Reserve) है।
- झील एक ऑक्सबो (गोमुख) आर्द्रभूमि है जो गंगा और महानंदा नदियों के बीच स्थित है।

### महाराष्ट्र समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग का प्रमाण पत्र

- महाराष्ट्र के पाँच समुद्र तटों रायगढ़ जिले के **श्रीवर्धन**, **नागांव**, पालघर के **परनाका**, रत्नागिरी जिले के **गुहागर** और **लाडघर** को अंतर्राष्ट्रीय ब्लू फ्लैग का प्रमाण पत्र दिया गया

- **प्रदाता :** डेनमार्क पर्यावरण शिक्षा फाउंडेशन (FEE)।
- **आधार :** स्वच्छता, सुंदरता और पर्यावरणीय स्थिरता से संबंधित 33 मानदंडों पर।
- वर्तमान में भारत में ब्लू फ्लैग प्रमाणित समुद्र तटों की संख्या 13 हो गई है।

### सारंडा वन

- सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार को सारंडा वन को वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित करने का निर्देश दिया।
- **शाब्दिक अर्थ** – सात सौ पहाड़ियों की भूमि।
- यह क्षेत्र लगभग 31,468 हेक्टेयर में फैला हुआ है और पारिस्थितिक रूप से अत्यंत समृद्ध माना जाता है।
- ये एशिया का सबसे बड़ा साल का जंगल है।

# विविध

## *जनजातीय गौरव वर्ष से संबंधित गतिविधियाँ*

### बिरसा मुंडा जयंती 2025 / जनजातीय गौरव दिवस

- बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है
- **राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम : डेडीपाड़ा, गुजरात** में आयोजित।
- 15 नवम्बर, 2000 को उनकी जन्मतिथि पर **झारखण्ड** राज्य का गठन हुआ।

### जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा

- **आयोजन :** 1-15 नवंबर, 2025
- **राष्ट्रीय जनजातीय चित्रकला प्रदर्शनी** – 'आदि चित्र' का शुभारंभ पखवाड़ा के तहत मुंबई में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) के सहयोग से किया गया।

### श्री गोविंद गुरु पीठ जनजातीय भाषा संवर्धन केंद्र

- **घोषणा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर।
- **उद्देश्य :**
  1. भारत की सभी जनजातियों की बोलियों और भाषाई विरासत का अध्ययन करना।
  2. केंद्र में जनजातीय समुदायों से संबंधित कहानियों, गीतों, सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण किया जाएगा।

### पहला राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव 2025

- जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (NTRI) द्वारा आयोजित

### राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव एवं कार्निवल

- **आयोजन :** 14-17 नवंबर, 2025 इंफाल, मणिपुर में

### शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

- **उद्घाटन :** 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में ।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों की स्थापना की जा रही है ।
- उद्देश्य: जनजातीय नेताओं से जुड़ी जानकारी को संरक्षित, प्रलेखित और प्रसारित करना तथा जनता को इन आंदोलनों के बारे में जागरूक करना ।

**वीर नारायण सिंह**

- रायपुर, छत्तीसगढ़ के जमींदार और बिंझवार जनजाति के नेता
- जिन्होंने वर्ष 1856-1857 में ब्रिटिश अकाल नीतियों के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया था

### सर्वोच्च न्यायालय का अनुच्छेद 200-201 पर फैसला

- सर्वोच्च न्यायालय की 5 न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत लिए गए 16वें राष्ट्रपति संदर्भ में अपनी राय दी।
- संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत विधेयक की मंजूरी पर कोर्ट समय सीमा तय नहीं कर सकता।
- इससे पहले, तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल, 2023 में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 200 और 201 के तहत विधेयक पर फैसला लेने के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय की थी।

### 130वाँ संविधान संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति

- **संरचना :** कुल 31 सदस्य ( 21 लोकसभा से और 10 राज्यसभा से)
  - **अध्यक्ष :** सांसद अपराजिता सारंगी (भाजपा)
- **समिति तीन विधेयकों की जांच करेगी-**
  - 130वाँ संविधान संशोधन विधेयक,2025
  - जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2025
  - संघ शासित प्रदेशों की सरकार संशोधन विधेयक, 2025
- **मुख्य प्रावधान :** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में 30 दिनों की हिरासत की स्थिति में स्वत: पद से हटाया जाना।

## बिहार विधानसभा चुनाव - 2025

- बिहार विधानसभा की कुल 243 सीटों पर चुनाव दो चरणों में आयोजित किए गए।
- कुल मतदान प्रतिशत : 67.13% (1951 के बाद से बिहार का सर्वाधिक मतदान)
- **बहुमत :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने कुल 202 सीटें जीतीं ।
  - सर्वाधिक-भारतीय जनता पार्टी (89 सीटें)
- विपक्षी महागठबंधन ने केवल 35 सीटों पर जीत दर्ज की
- **मुख्यमंत्री :** जनता दल यूनाइटेड (JDU) प्रमुख **नीतीश कुमार** (10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने)
- **बिहार के राज्यपाल:** आरिफ मोहम्मद खान

## डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) नियम, 2025

- 14 नवंबर, 2025 को अधिसूचित।
- **मुख्य उपबंध**
  - व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन होने पर डेटा फिड्यूशरी को बिना किसी देरी के सभी प्रभावित व्यक्तियों को सूचित करना होगा
  - प्रत्येक डेटा फिड्यूशियरी को व्यक्तिगत डेटा से संबंधित प्रश्नों के लिए स्पष्ट संपर्क जानकारी प्रदर्शित करनी होगी।
  - व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच, सुधार, अद्यतन और कुछ स्थितियों में डेटा विलोपन का अधिकार।
  - डेटा न्यासियों द्वारा सभी अनुरोधों पर अधिकतम 90 दिनों में उत्तर देना अनिवार्य है।

## विधिक माप विज्ञान (द्वितीय) संशोधन नियम, 2025

- **प्रस्ताव :** ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर 'उद्गम देश' आधारित खोज और फिल्टर उपलब्ध कराना
- **जारीकर्ता :** केंद्रीय उपभोक्ता कार्य विभाग।

## श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगली जीवोत्तम मठ

- मठ के 550 वें वर्ष के उपलक्ष में आयोजित 'सार्ध पंचशतामनोत्सव' के अवसर पर प्रधानमंत्री ने दक्षिण गोआ के कैनाकोना स्थित मठ परिसर में **प्रभु श्री राम की** 77 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

**श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगली जीवोत्तम मठ:**
- **स्थापना :** जगद्गुरु माधवाचार्य ने 13वीं शताब्दी में।
- **मुख्यालय :** पुर्तगाली कस्बे दक्षिण गोआ में, कुशावती नदी के तट पर।
- पहला गौड़ सारस्वत ब्राह्मण वैष्णव मठ माना जाता है।
- यह द्वैत संप्रदाय का अनुसरण करता है।

## फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को ISO प्रमाणपत्र

- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA), नई दिल्ली की फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को **भारतीय मानक ब्यूरो** (BIS) द्वारा **तीन** प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय ISO प्रमाणपत्र प्राप्त हुई।
  1. IS/ISO 9001:2015–गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली
  2. IS/ISO 14001:2015–पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली
  3. IS/ISO 45001 : 2018–व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली

## भौगोलिक संकेतक (GI) टैग

| GI टैग प्राप्त उत्पाद | विशेषता |
|---|---|
| तुंगबुक और पुमटोंग पुलित वाद्ययंत्र (सिक्किम) | दो पारंपरिक लेप्चा वाद्ययंत्र<br>• तुंगबुक वाद्ययंत्र : तीन तारों वाला एक प्रमुख वाद्ययंत्र।<br>• पुमटोंग पुलित वाद्ययंत्र : बाँस से निर्मित बांसुरी। |
| अंबाजी मार्बल (बनासकांठा जिला, गुजरात) | |
| मेरठ बिगुल (उत्तरप्रदेश) | • पीतल से बना वाद्ययंत्र।<br>• वाद्य यंत्र सैन्य परेड, औपचारिक समारोहों, और सशस्त्र बलों के अभ्यास में लंबे समय से उपयोग में लिया जाता है। |

## अंतर्देशीय जल परिवहन टर्मिनलों का हस्तांतरण

- **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI)** द्वारा पीपीपी मॉडल के तहत।
- **निर्माता :** भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI)
- **वित्तीय एवं तकनीकी सहायता :** विश्व बैंक
  - **कालूघाट इंटरमॉडल टर्मिनल (बिहार)** - एसएपीएल-समिट अलायंस पोर्ट ईस्ट गेटवे (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड।
  - **हल्दिया मल्टी-मॉडल टर्मिनल (पश्चिम बंगाल)** - आईआरसी नेचुरल रिसोर्सेज।

## सरदार@150 एकता मार्च

- **शुरूआत :** 26 नवंबर, वल्लभ **विद्यानगर गुजरात**

- **समापन :** 6 दिसंबर, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर
- **आयोजक :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MY Bharat के माध्यम से)

### उत्तराखंड जल परियोजनाएँ

- उत्तराखंड राज्य के गठन (9 नवंबर, 2000) की **रजत जयंती** के अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया।
  - सोंग बांध पेयजल परियोजना (देहरादून)
  - जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना (नैनीताल)

### प्रोजेक्ट गज-लोक: एशियाई हाथियों का संरक्षण

- भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (INTACH) द्वारा शुरू की गई एक अंतर्राष्ट्रीय पहल।
- **उद्देश्य :** एशिया में हाथियों के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पारिस्थितिक महत्व का दस्तावेजीकरण; संस्कृति-प्रकृति का जुड़ाव।

### पहला Gen Z थीम पोस्ट ऑफिस

- **IIT दिल्ली में इण्डिया पोस्ट ऑफिस** द्वारा लॉन्च
- संचार मंत्रालय की पहल
- युवा-केंद्रित और स्टूडेंट फ्रैंचाइज मॉडल पर आधारित।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- आंध्र प्रदेश के **अराकू घाटी और विशाखापट्टनम** में भारत की सबसे बड़ी **भू-तापीय ऊर्जा** प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना स्थापित करने की घोषणा किस संस्थान ने की ?
  **- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL)**
- रक्षा मंत्रालय द्वारा 'सुधारों से रूपांतरण : सशक्त सुरक्षित और विकसित भारत' विषय पर तीसरा **'चाणक्य रक्षा संवाद 2025'** का आयोजन कहाँ किया गया?
  **- नई दिल्ली**
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी, असम में किस नदी पर एक नदी टर्मिनल का उद्घाटन किया, जो भारत में अपनी तरह का पहला टर्मिनल है?
  **- ब्रह्मपुत्र नदी पर**
- राष्ट्रीय महिला आयोग ने विपदाग्रस्त महिलाओं के लिए त्वरित और अधिक सुलभ सहायता सुनिश्चित करने हेतु जारी नया हेल्पलाइन नंबर है? **- 14490**
- CAG ने नया Centre of Excellence किस शहर में स्थापित करने की घोषणा की है? **- हैदराबाद**
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नर्सिंग क्षमताओं को बेहतर बनाने और कार्यबल सुदृढ़ीकरण पर गोलमेज सम्मेलन किन संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया?
  **- जॉन्स हॉपकिन्स प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन इन गायनोकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स और एडिथ कोवान विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया**
- केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री एवं प्रख्यात फिल्म **अभिनेता सुरेश गोपी** को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
  **- मनोरमा न्यूज न्यूजमेकर अवार्ड : 2024**
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 28 नवंबर 2025 को **भारत स्काउट्स और गाइड्स** के हीरक जयंती (75 वर्ष) समापन समारोह और 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी को कहाँ संबोधित किया? **- लखनऊ में**
- **संघ लोक सेवा आयोग का 'शताब्दी सम्मेलन'** शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में कहाँ आयोजित किया गया?
  **- नई दिल्ली** (26-27 नवंबर 2025)
- केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने अत्याधुनिक 240 टीपीडी (टन/दिन) निर्माण करने वाले **बायोमास पेलेट प्लांट** का उद्घाटन कहाँ किया?
  **- (रेवाड़ी)हरियाणा**
- 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन कहाँ हुआ?
  **- कुरूक्षेत्र (हरियाणा)**
- केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने अंडरवाटर वेल्डिंग, ऑफशोर रिपेयर और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3D प्रिंटिंग) पहल का उद्घाटन कहाँ किया **- IIT गुवाहाटी (असम)**
- 1-2 नवम्बर, 2025 को हथकरघा और हस्तशिल्प 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ?
  **- भुवनेश्वर, ओडिशा**
- **'सुजलाम भारत विजन'** शिखर सम्मेलन 2025 किस मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया?
  **- जल शक्ति मंत्रालय**
- नौसेना शिक्षा समिति का वार्षिक सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ? **विशाखापट्टनम की पूर्वी नौसेना कमान में।**
- विषाणु संक्रमण प्रतिरोध अभ्यास (मॉकड्रिल) कहाँ हुआ? **- खंडवा (मध्यप्रदेश)**
- बेगलुरु में आयोजित 64th इंडियन सोसायटी ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन के वार्षिक सम्मेलन का विषय क्या है?
  **- एयरोस्पेस मेडिसिन में नवाचार : अनंत संभावनाएँ**
- 5वाँ भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF) किस विषय पर आयोजित हुई ?
  **विकसित भारत के लिए समावेशी और सतत् इन्टरनेट गवर्नेंस को आगे बढ़ाना।**

# आर्थिक–समसामयिकी

## योजना/पहल

### अनुसंधान, विकास एवं नवाचार योजना कोष

- **शुभारंभ** : 3 नवंबर, 2025
- **घोषणा :** केन्द्रीय बजट 2025-26 में
- **नोडल विभाग :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
- **वित्तीय परिव्यय :** 1 लाख करोड़ रुपये।
- **मुख्य उद्देश्य:** निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, रणनीतिक प्रौद्योगिकियों, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा, क्षेत्रीय समर्थन में लचीलापन सुनिश्चित करना।
- **वित्तपोषण के माध्यम :** कम या शून्य ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण, इक्विटी निवेश (विशेषकर स्टार्टअप), डीप-टेक फंड ऑफ फंड्स में योगदान।
- **कवरेज :** प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर और उससे ऊपर के परिवर्तनकारी आरडीआई परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण में मूल्यांकित परियोजना लागत का 50% तक।

### निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना (CGSE)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 नवम्बर, 2025 को मंजूरी दी ।
- **कार्यान्वयन :** वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (NCGTC) के माध्यम से।
- **उद्देश्य :** MSME, सहित पात्र निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराना।
- NCGTC सदस्य ऋण संस्थानों को 100% ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करेगा।
- ऋण संपार्श्विक-मुक्त (Collateral-free) होगा।

### निर्यात संवर्धन मिशन (EPM)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 नवम्बर, 2025 को मंजूरी दी।
- **घोषणा :** केंद्रीय बजट 2025–26
- **क्रियान्वयन अवधि :** 2025–26 से 2030–31 तक
- **कुल परिव्यय :** 25,060 करोड़ रुपये
- **कार्यान्वयन :** विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT)
- **उद्देश्य :** अनुपालन और प्रमाणन सहायता के माध्यम से निर्यात की तैयारी को बढ़ाना।
  - भारतीय उत्पादों के लिए बाजार पहुंच और दृश्यता में सुधार करना, गैर-पारंपरिक जिलों और क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा देना, विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और संबद्ध सेवाओं में रोजगार सृजन करना।
- **दो उप-योजनाएँ–**

| **A.** निर्यात प्रोत्साहन | **B.** निर्यात दिशा |
|---|---|
| **उद्देश्य–**MSME : किफायती व्यापार वित्त तक पहुँच। | **गैर–वित्तीय सक्षमताओं को सुदृढ़** |
| **सहायता–**ब्याज अनुदान, निर्यात लेनदारी लेखा क्रय, संपार्श्विक गारंटी, ई–कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड और नए बाजारों में विविधीकरण हेतु ऋण वृद्धि। | **जैसे** : निर्यात गुणवत्ता व अनुपालन सहायता, अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग, पैकेजिंग सहायता, निर्यात भंडारण व लॉजिस्टिक्स। |

### वस्त्र केन्द्रित अनुसंधान, मूल्यांकन, निगरानी, योजना और स्टार्टअप योजना (Tex-RAMPS)

- Textiles Focused Research, Assessment, Monitoring, Planning and Start-up (Tex-RAMPS) Scheme
- हाल ही में भारत सरकार ने मंजूरी दी।
- **अवधि :** FY 2025–26 से 2030–31 तक
- **कुल परिव्यय :** 305 करोड़ रुपये।
- वस्त्र मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
- **उद्देश्य :** भारत के वस्त्र एवं परिधान उद्योग को भविष्य-उन्मुख बनाना, तथा वस्त्र क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)

- **शुरूआत** : 2016
- **मंत्रालय :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्रक योजना।
- **हालिया संशोधन**
  - मंत्रालय ने जोखिम कवरेज के रूप **जंगली जानवरों द्वारा फसलों के नुकसान और धान जलभराव** को मान्यता दी है।
  - संशोधित रूपरेखा **खरीफ मौसम 2026** से लागू।

## दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)

- इथियोपिया प्रतिनिधिमंडल ने गरीबी उन्मूलन और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भारत की प्रमुख पहल DAY-NRLM के परिचालन मॉडल और कार्यान्वयन रणनीतियों का अद्यतन किया तथा अपनाने की घोषणा की।
- **शुरूआत :** 1 अप्रैल, 2013 से स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का पुनर्गठन करके राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के रूप में।
  - 2016 में NRLM का नाम बदलकर DAY-NRLM किया गया।
- **नोडल मंत्रालय :** ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD)
- **उद्देश्य :** गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए मजबूत संस्थाओं का निर्माण करके गरीबी में कमी लाना।

## चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन

- **क्रियान्वयन तिथि :** 21 नवंबर, 2025
- इन्हें 29 मौजूद श्रम कानूनों के स्थान पर लागू किया जा रहा है।
- **उद्देश्य:** बेहतर कार्य परिस्थितियाँ, उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा, और रोजगार के स्थायी अवसर प्रदान करना है।

### 1. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020

- तीन प्रमुख श्रम कानूनों को समेकित किया।
- 'श्रमिक' परिभाषा में विक्रय संवर्धन कर्मचारी, पत्रकार, रु. 18,000 तक कमाने वाले सुपरवाइजरी कर्मचारी शामिल।
- 'उद्योग' में गैर-लाभकारी और कम-पूँजी वाली गतिविधि यां भी शामिल होगी।
- 51% सदस्यता वाली यूनियन को वार्ताकार यूनियन के रूप में मान्यता दी जाएगी।
- निश्चित अवधि रोजगार (FTE) की अनुमति दी गई है ।
- सभी प्रतिष्ठानों के लिए हड़ताल से पहले 14 दिन का पूर्व नोटिस देने का अनिवार्य प्रावधान करती है।
- शिकायत निवारण समिति में महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व दिया जायेगा ।
- विवाद समाधान प्रक्रिया के लिए दो सदस्यीय औद्योगिक न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा।

### 2. वेतन संहिता, 2019

- संहिता ने चार श्रम कानूनों का समेकन किया।
- **न्यूनतम वेतन का वैधानिक अधिकार :** संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को प्राप्त होगा।
- **आधारभूत वेतन का निर्धारण :** कर्मचारी के न्यूनतम जीवन स्तर के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा । राज्य इससे कम वेतन निर्धारित नहीं कर पाएंगे।
- **ओवरटाइम का भुगतान :** सामान्य मजदूरी के दोगुने से कम दर पर ओवरटाइम वेतन का भुगतान नहीं कर सकता।
- लैंगिक समानता, प्रत्येक छँटनी किये गए श्रमिक के खाते में 45 दिनों के भीतर 15 दिनों के वेतन के बराबर राशि जमा करनी होगी।

### 3. सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020

- नौ मौजूदा सामाजिक सुरक्षा अधिनियमों का समेकन।
- नियत अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की पात्रता अवधि को पाँच वर्ष से घटाकर एक वर्ष किया गया।
- सामाजिक सुरक्षा लाभ में असंगठित, अस्थायी और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को भी शामिल किया गया।
- राष्ट्रीय एवं राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना ।
- घर से कार्यस्थल तक यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को 'रोजगार के दौरान हुई दुर्घटना' माना जाएगा और इस आधार पर मुआवजा दिया जाएगा
- कर्मचारी राज्य बीमा (ESI) का क्रियान्वयन पूरे देश में किया जाएगा।
- मातृत्व अवकाश अधिकतम 26 सप्ताह का प्राप्त होगा जिसमें से अधिकतम 8 सप्ताह का अवकाश प्रसव से पहले लिया जा सकता है ।

### 4. कामकाजी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा शर्तें संहिता 2020

- 13 केंद्रीय श्रम अधिनियमों का समेकन
- **एकल पंजीकरण :** सभी प्रतिष्ठानों के लिए 10 कर्मचारियों की एक समान सीमा के साथ 6 पंजीकरणों की जगह एकल पंजीकरण किया जायेगा।
- **श्रम अवधि :** किसी भी श्रमिक से दिन में 8 घंटों और सप्ताह में 48 घंटों से ज्यादा काम नहीं लिया जाएगा।
- **नियुक्ति पत्र :** प्रत्येक श्रमिक को निर्धारित प्रारूप में नियुक्तिपत्र मिलेगा, जिसमें निजी विवरण, पद, वेतन और सामाजिक सुरक्षा प्रावधान शामिल होंगे ।
- **ISMW परिभाषा का विस्तार :** अंतर-राज्यीय प्रवासी श्रमिक (ISMW) में सीधे और ठेकेदार के जरिए नियुक्त होने वाले श्रमिकों को शामिल किया गया।
- **सामाजिक सुरक्षा कोष :** संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए। इसमें अपराध के शमन और जुर्माने से प्राप्त राशि जमा की जाएगी।

- **सुरक्षा समिति का गठन :** 500 या इससे अधिक श्रमिकों वाली फैक्टरी में। जिसमें नियोक्ता और कामगारों के प्रतिनिधि शामिल होंगे ।
- **राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड का गठन**–त्रिपक्षीय बोर्ड जिसमें श्रमिक संगठनों, नियोक्ता संघों और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल।

### अमृत पहल

- **पूरा नाम :** Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment (AMRIT)/किफायती दवाएँ और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण
- पहल ने 15 नवम्बर को 10 वर्ष पूर्ण। (शुभारंभ-2015)
- **लक्ष्य :** देश भर में 500 दुकानों तक विस्तार करना।
- **क्रियान्वयन : एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड**

## अभियान

### राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC)अभियान 4.0

- **शुभारंभ :** 5 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली से।
- **संचालन:** 1-30 नवंबर, 2025 तक।
- **क्रियान्वयन :** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग।
- **लक्ष्य :** 2 करोड़ DLC जारी करना
- **मुख्य उद्देश्य :** वृद्ध, विकलांग या दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पेंशनभोगियों के लिए प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सरल बनाना।

### नई चेतना 4.0-राष्ट्रीय अभियान

- **शुभारंभ :** 25 नवंबर 2025; नई दिल्ली से
- **संचालन :** 25 नवंबर-23 दिसंबर, 2025 तक
- **विषय :** लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण
- **आयोजक :** ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान (SNSPA)

- **संचालन :** 17 सितंबर-2 अक्टूबर, 2025 तक
- **क्रियान्वयन :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी अभियान ने तीन गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाए
  - एक महीने में **स्वास्थ्य देखभाल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण** कराने वाले सबसे अधिक लोग - 3.21 करोड़ से अधिक
  - एक सप्ताह में **स्तन कैंसर की ऑनलाइन स्क्रीनिंग** के लिए साइन अप करने वाले सबसे अधिक लोग - 9.94 लाख से अधिक
  - एक सप्ताह में महत्वपूर्ण संकेतों की ऑनलाइन स्क्रीनिंग के लिए साइन अप करने वाले सबसे अधिक लोग (राज्य स्तर पर) - 1.25 लाख से अधिक

## विविध-खबरें

### 16वाँ वित्त आयोग

- आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी।
- **अवधि :** 2026-27 से 2030-31 तक
- **अध्यक्ष** -डॉ. अरविंद पनगढ़िया (नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष)
- **सदस्य** – ऐनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा , टी. रबी शंकर (अंशकालिक), डॉ. सौम्या कांति घोष।
- **नोट :** टी. रबी शंकर की नियुक्ति अजय नारायण झा के द्वारा त्यागपत्र देने पर की गई।
- **सचिव :** ऋत्विक पाण्डेय
- **गठन** – संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत राष्ट्रपति द्वारा

### 5वीं राष्ट्रीय समुद्री मत्स्य पालन जनगणना : 2025

- **नारा :** 'स्मार्ट जनगणना, स्मार्ट मत्स्य पालन'
- **वित्तपोषण :** मत्स्य पालन विभाग
- **नोडल एजेंसी :** ICAR - केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान, कोच्चि
- पहली पूर्णत: डिजिटल मत्स्य पालन जनगणना जिसमें बहुभाषी एंड्रॉइड एप्लिकेशन - VyAS-NAV (मछली पकड़ने वाले गांवों और बंदरगाहों के सत्यापन के लिए), VyAS-BHARAT (घरेलू और बुनियादी ढाँचे की गणना) और VyAS-SUTRA (घरों और प्रगणकों की वास्तविक समय पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए) का प्रयोग होगा।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप सहित 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 12 लाख मछुआरा परिवारों को कवर करेगी ।

## भारत जीडीपी Q2 FY 2025–26

- **प्रकाशन :** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।

| जीडीपी (FY 2025-26 Q2 ) | वृद्धि दर (%) |
|---|---|
| वास्तविक जीडीपी (आधार वर्ष 2011–12) | 8.2 (स्थिर मूल्य) |
| नाममात्र जीडीपी वृद्धि : | 8.7% (वर्तमान मूल्य)। |

## खाद्यान्न उत्पादन

- कृषि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024–25 के फसल उत्पादन के अंतिम अनुमान जारी किए।
- खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2023–24 के 332.30 मिलियन टन के मुकाबले बढ़कर **2024–25 में 357.73 मिलियन टन** हुआ
- कुल खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 8% की रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

| फसल/उत्पाद | उत्पादन (मिलियन टन) | सर्वाधिक |
|---|---|---|
| कुल खाद्यान्न | 357.7 | चावल (150.1 MT) |
| कुल दलहन | 25.68 | श्री अन्न (18.59 MT) |
| कुल तिलहन | 42.98 | सोयाबीन (15.26 MT) |
| गन्ना | 454.61 | |
| कपास (गांठें प्रति 170 कि.ग्रा.) | 297.24 लाख गांठें | |

## एकीकृत सोहरा सर्किट परियोजना

- पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय (DoNER) और मेघालय की संयुक्त पर्यटन पहल का सोहरा (चेरापूंजी) में शिलान्यास किया गया।
- वित्तपोषण : प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (PM-DevINE) योजना के तहत

## राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (NIC) : 2025

- 18 नवंबर, 2025 को **उदयपुर में** राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSS) की 75वीं वर्षगाँठ और विश्व सांख्यिकी दिवस समारोह में अनावरण किया।
- **जारीकर्त्ता:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
- यह अद्यतन 17 वर्षों बाद (पिछला NIC 2008) किया गया; पहला NIC 1962 में शुरू।
- **NIC–2025 विशेषताएँ :** NIC–2008 की 5–अंकीय संरचना के स्थान पर एक नई 6–अंकीय कोडिंग संरचना प्रस्तुत की गई।
  - मध्यस्थता सेवाओं का उन्नत वर्गीकरण।
  - पर्यावरण और हरित अर्थव्यवस्था का एकीकरण।
  - डिजिटल अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व।
  - वर्गीकरण में प्रौद्योगिकी आधारित विभेद नहीं।

## PDS में डिजिटल उन्नयन

- **शुभारंभ :** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा।
- **उद्देश्य :** भंडारण संचालन को आधुनिक बनाना, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता में सुधार करना।

**[PDS में डिजिटल उन्नयन]**

**भंडारण 360**
- केंद्रीय भंडारण निगम का नया एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ERP) प्लेटफॉर्म

**स्मार्ट एक्जिम वेयरहाउस सिस्टम (SEWS)**

**अन्न दर्पण प्लेटफॉर्म**
- भारतीय खाद्य निगम का माइक्रोसर्विस आधारित (मोबाइल–प्रथम) प्लेटफॉर्म।
- खरीद, भंडारण, आवाजाही, गुणवत्ता जांच, श्रम प्रबंधन और अनुबंध निगरानी का एकीकृत नियंत्रण करना।

**ASHA Platform**
- **विस्तृत नाम** : अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन
- AI आधारित नागरिक फीडबैक प्रणाली।

# 03 अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी

## G20 शिखर सम्मेलन : 2025

- **आयोजन :** जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका।
- **विषय :** एकजुटता, समानता, स्थिरता (Solidarity, Equality, Sustainability)
- **मुख्य परिणाम**
  - **आपदा लचीलापन एवं ऋण स्थिरता**
    - भारी ऋण वाले देशों का समर्थन।
    - सतत औद्योगीकरण एवं रोजगार सृजन पर बल।
  - **जलवायु एवं नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार**
    - G20 क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क (स्वैच्छिक) का समर्थन।
    - पेरिस के 1.5°C लक्ष्य एवं वैश्विक जैव विविधता प्रतिबद्धताओं की पुन: पुष्टि।
  - **संस्थागत सुधार :** UNSC में सुधार की मांग।
    - **उबन्टू** (साझा मानवता और परस्पर जुड़ाव) से निर्देशित बहुपक्षवाद को बढ़ावा।
  - **सामाजिक एवं सुरक्षा प्रतिबद्धताएँ**
    - महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण की पुन: पुष्टि।
    - आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा।
- **नोट :** इंडिया-इटली द्विपक्षीय संयुक्त पहल के तहत् आतंकवाद फाइनेंसिंग को काउंटर करने हेतु समझौता हुआ।
  - 6वाँ भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) सम्मेलन आयोजित हुआ।
  - ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत के मध्य त्रिपक्षीय तकनीकी और नवाचार रूपरेखा पार्टनरशिप की घोषणा।

### भारत द्वारा प्रस्तावित प्रमुख 06 पहलें

- **वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार:** साझा वैश्विक बुद्धिमत्ता।
- **अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर:** युवा कौशल हेतु 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षकों को तैयार करना।
- **वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया दल:** स्वास्थ्य संकटों पर सामूहिक प्रतिक्रिया।
- **ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप:** कृषि, मत्स्य पालन, आपदा प्रबंधन हेतु डेटा साझाकरण।
- **क्रिटिकल मिनरल्स सर्कुलरिटी इनिशिएटिव:** पुनर्चक्रण, नवाचार, सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला।
- **ड्रग-आतंक गठजोड़ का मुकाबला:** नशीली दवाओं की तस्करी एवं आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करना।

### G20 की संक्षिप्त पृष्ठभूमि

- **स्थापना :** 1997-98 एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में।
- **सदस्य :** 19 देश + यूरोपीय संघ + अफ्रीकी संघ।
- **उद्देश्य :** वैश्विक आर्थिक शासन को आकार देना।
- **शिखर सम्मेलन :** प्रतिवर्ष बदलती अध्यक्षता के तहत आयोजित।
- **ट्रोइका (दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता):** ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका।

## COP 30

- UNFCCC की '<u>कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज</u>' की 30वीं बैठक 22 नवंबर को **<u>ब्राजील के बेलेम</u>** में संपन्न हुई।
- **COP 30 के मुख्य परिणाम-**

| परिणाम/पहल | प्रमुख विवरण |
|---|---|
| बेलेम स्वास्थ्य कार्य योजना | • पहली वैश्विक जलवायु स्वास्थ्य योजना<br>• **उद्देश्य** : जलवायु अनुकूल स्वास्थ्य प्रणालियों का विकास, जूनोटिक रोगों की निगरानी को सुदृढ़ करना।<br>• स्वास्थ्य समानता, जलवायु न्याय, और सामुदायिक सहभागिता पर आधारित है। |
| Tropical Forests Forever Facility (TFFF) | • ब्राजील द्वारा शुरू की गई पहल का उद्देश्य उपग्रह आधारित निगरानी का उपयोग कर उष्ण कटिबंधीय वनों के संरक्षण हेतु सहायता उपलब्ध कराना।<br>• लक्ष्य 125 बिलियन डॉलर धन जुटाना।<br>• ब्राजील का योगदान– 1 बिलियन डॉलर<br>• प्रदर्शन–आधारित वन संरक्षण तंत्र। |

| | |
|---|---|
| बेलेम पॉलिटिकल पैकेज (BPP) | • जीवाश्म ईंधन के चरणबद्ध समाप्ति को टालते हुए जलवायु वित्त पर दो वर्षीय वार्ता प्रक्रिया अनिवार्य की गई। जिसमें अनुच्छेद 9.1 दायित्व शामिल है।<br>• दस्तावेज में वित्त उपलब्धता 1.5°C लक्ष्य अनुरूप कार्यवाही और अधिक पारदर्शिता पर जोर दिया गया। |
| सांता मार्टा सम्मेलन (2026) | • कोलंबिया–नीदरलैंड पहल<br>• उद्देश्य : जीवाश्म ईंधन की चरणबद्ध समाप्ति के कानूनी, आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी पहलुओं की जांच करना। |
| ओपन प्लैनेटरी इंटेलिजेंस नेटवर्क (OPIN) | • यह एक वैश्विक जलवायु इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म है। जो डेटासेट, उपग्रह प्रणालियों, मॉडलिंग उपकरण, और ऑपन एक्सेस विश्लेषण को एकीकृत करता है। |
| बेलेम 4 X प्रतिज्ञा | • 2024 के स्तर व 2035 तक संधारणीय ईंधनों (बायोफ्यूल, बायोगैस, ग्रीन हाइड्रोजन) के वैश्विक उपयोग को चार गुना बढ़ाने की प्रक्रिया।<br>• निगरानी अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ऊर्जा द्वारा। |
| भूख, गरीबी और जन–केंद्रित जलवायु कार्रवाई पर बेलेम घोषणा | • 43 राष्ट्रों और EU द्वारा हस्ताक्षरित यह घोषणा अनुकूलन (Adaptation), सामाजिक सुरक्षा, फसल बीमा, महिला–नेतृत्व विकास और सामुदायिक लचीलापन पर केंद्रित। |
| NAP कार्यान्वयन गठबंधन | • नेशनल अडपेटेशन प्लान (NAPs) के कार्यान्वयन को तेज करने के लिए 'प्लान टू एक्सीलरेटर सॉल्यूशन्स (PAS)' के अन्तर्गत एक बहु–हितधारक गठबंधन स्थापित किया गया है। |
| वैश्विक कार्यान्वयन एक्सीलरेटर (GIS ) | • यह दो वर्ष का एक्सीलरेटर कार्यक्रम क्रियान्वयन की कमी को दूर करने और राष्ट्रीय जलवायु योजनाओं को 1.5°C लक्ष्य के अनुरूप लाने पर केन्द्रित है। |
| बेलेम मिशन टू 1.5 | • COP29-31 ट्रोइका के तहत् स्थापित यह प्लेटफॉर्म शमन, अनुकूलन, प्रौद्योगिकी, और निवेश में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करता है। |
| वैश्विक मुतिराओ निर्णय<br>(मुतिराओ – सामूहिक प्रयास) | • 2035 तक जलवायु वित्तपोषण बढ़ाकर 1.3 ट्रिलियन डॉलर प्रतिवर्ष उपलब्ध कराना।<br>• अनुकूलन वित्त को 2025 तक दोगुना, 2035 तक तिगुना करना।<br>• 60 संकेतकों वाले ग्लोबल गोल ऑन एडेप्टेशन को अपनाया गया। |
| वैश्विक मुतिराओ प्लेटफॉर्म | • ब्राजील द्वारा शुरू की गई डिजिटल पहल है, जो मुतिराओं की सामुदायिक सहयोग परंपरा क्षेत्र से प्रेरित है।<br>• उद्देश्य – प्रतिबद्धताओं और उनके क्रियान्वयन के बीच अंतर को कम करना। |
| जस्ट ट्रांजिशन प्रणाली | • ये रूपरेखा सहयोग, क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तान्तरण और न्यायिपूर्ण संक्रमणों को सुदृढ़ करती है तथा श्रमिकों के समावेशन को उसकी केन्द्रीय प्राथमिकता बनाती है। |
| फोस्टरिंग इन्वेस्टिबल नेशनल इम्प्लीमेंटेशन (FINI) | • अनुकूलन परियोजनाओं के लिए 3 वर्षों में 20% निजी निवेश के साथ 1 ट्रिलियन डॉलर धन एकत्रित करना। |
| जेंडर एक्सन प्लान | • यह योजना लैगिंक संवेदनशील जलवायु कार्यवाही को सुदृढ़ बनाने और जलवायु शासन में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को सुनिश्चित करती है। |

**"Conference of the Parties"(COP)**

- COP में वे देश शामिल हैं, जिन्होंने 1992 में UNFCCC को अनुमोदित किया।
- COP कन्वेंशन में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च निकाय है, जिसमें सभी सदस्य देशों का प्रतिनिधित्वित हैं।
- **आगामी COP के मेजबान देश:**
  - COP 31 (2026) : तुर्की
  - COP 32 (2027): इथियोपिया (अदीस अबाबा)
  - COP 33 (2028): भारत (**प्रस्तावित;** चयनित होने पर 2002 में COP-8 के बाद दूसरी बार मेजबानी करेगा)

### COP-30 के साथ आयोजित अन्य सम्मेलन

#### अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस गठबंधन (IBCA)

- पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ब्राजील के बेलेम में IBCA के उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय खंड को संबोधित किया।
- **विषय** - Protecting Big Cats, Protecting Climate and Biodiversity।
- **भारत 2026 में नई दिल्ली** में वैश्विक बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

#### लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (LeadIT)

- भारत के संघ पर्यावरण मंत्री ने COP30, बेलेम, ब्राजील में लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन इंडस्ट्री लीडर्स राउंडटेबल को संबोधित किया।

### भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए नया **10-वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क (2025-35)** पर 1 नवंबर, 2025 को हस्ताक्षर किया।
- समझौता मलेशिया के कुआलालंपुर में **12वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (ADMM-Plus)** के अवसर पर संपन्न हुआ।
- द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को लंबे समय तक जारी रखते हुए यह फ्रेमवर्क 2005-15 और 2015-25 की पूर्व साझेदारी अवधियों का अनुसरण करता है

### भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग

- भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने 2026 अनुबंध वर्ष के लिए अमेरिकी गल्फ कोस्ट आपूर्तिकर्ताओं के साथ एक वर्षीय LPG आयात समझौता किया।
- सौदा लगभग 2.2 MTPA LPG को कवर करता है, जो भारत के वार्षिक LPG आयात का लगभग 10% है।

### पाकिस्तान का 27वाँ संवैधानिक संशोधन

- पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने संविधान का 27वाँ संशोधन पर हस्ताक्षर किए।
- **मुख्य विशेषताएँ**
  - **चीफ ऑफ डिफेन्स फोर्सेस :** सेना प्रमुख (वर्तमान - आसिम मुनीर) को सभी सैन्य शाखाओं पर स्थायी कमान।
  - **फाइव-स्टार इम्युनिटी :** फील्ड मार्शल को पूर्ण कानूनी छूट।
  - **नया संवैधानिक न्यायालय :** संवैधानिक मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की जगह लेगा, सेना पर न्यायिक जांच सीमित करेगा।

### UNESCO का क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क

- लखनऊ को UNESCO द्वारा **'सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी'** श्रेणी के तहत आधिकारिक रूप से क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में शामिल किया गया है।
- UNESCO क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) की स्थापना 2004 में की गई थी।
- यह नेटवर्क सात रचनात्मक क्षेत्रों पर केंद्रित है: शिल्प और लोक कला, मीडिया आर्ट्स, फिल्म, डिजाइन, गैस्ट्रोनॉमी (पाककला), साहित्य, संगीत

### UCCN में शामिल भारतीय शहर हैं:

| | |
|---|---|
| कोझिकोड | साहित्य |
| ग्वालियर, वाराणसी, चेन्नई | संगीत |
| जयपुर, श्रीनगर | शिल्प और लोक कला |
| मुंबई | फिल्म |
| हैदराबाद, लखनऊ | गैस्ट्रोनॉमी |

# अन्य सम्मेलन

### APEC शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन :** ग्योंगजु, दक्षिण कोरिया
- **थीम :** 'Building a Sustainable Tomorrow : Connect, Innovate, Prosper'
- **मुख्य परिणाम**
  - ग्योंगजु घोषणा (2025) को अपनाया गया, जिसमें समावेशी आर्थिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की परिवर्तनकारी भूमिका को स्वीकार किया गया।

- अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम (Trade Truce) के हिस्से के रूप में, दोनों देशों ने शुल्क कम करने और सोयाबीन व रेयर अर्थ एलिमेंट्स के व्यापार को पुनः प्रारंभ करने पर सहमति जताई।

### प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सहोदय सम्मेलन

- **आयोजन :** दुबई, CBSE द्वारा आयोजित
- **थीम :** 'रूटेड इन विजडम, राइजिंग विद विजन: रीइमैजिनिंग एजुकेशन थ्रू : NEP 2020'

### 7वीं कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन

- कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSAs) स्तरीय बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई ।
- सेशेल्स को पूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता दी गई।
- **सदस्य देश:** भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस और सेशेल्स।
- **सचिवालय :** कोलंबो (श्रीलंका)।

### 7वाँ भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय संवाद: व्यापार और निवेश

- **आयोजन :** नई दिल्ली
- **सह-अध्यक्षता :** भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मनींदर सिद्धू।
- **समझौता :** भारत और कनाडा ने महत्वपूर्ण खनिजों में दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी को मजबूत करने तथा निवेश और व्यापार अवसरों का विस्तार करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### भारत का IMO परिषद् में पुनः चुनाव

- भारत को लंदन स्थित अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की 34वीं महासभा के दौरान IMO परिषद् की श्रेणी 'B' में पुनः चुना गया।
- **कार्यकाल :** 2026-27 (दो वर्ष)
- **श्रेणी 'B' :** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे अधिक योगदान वाले 10 देश शामिल।

## महत्त्वपूर्ण यात्राएँ

### राष्ट्रपति की अंगोला और बोत्सवाना यात्रा

- 8 नवंबर, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंगोला और बोत्सवाना की छह दिवसीय राजकीय यात्रा की।
- दोनों देशों की किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष द्वारा की गई पहली यात्रा थी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 नवंबर, 2025 को अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लिया।
- अंगोला, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस में शामिल।
- बोत्सवाना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राजकीय यात्रा के दौरान प्रोजेक्ट चीता के अगले चरण के लिए भारत को 8 चीते उपहार में दिए।

### प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की दो दिवसीय (11-12 नवंबर) राजकीय यात्रा की।
- उन्होंने भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (जो K4 के नाम से भी जाने जाते हैं) के 70वें जन्मदिन समारोह में भाग लिया।
- **मुख्य परिणाम:**
  - भारत सरकार और भूटान सरकार के द्विपक्षीय समझौते के तहत निर्मित 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया।
  - भूटानी मंदिर/मठ और गेस्ट हाउस निर्माण के लिए **वाराणसी** में भूमि दी जाएगी।
  - गेलेफू के सामने हतीसार में एक **इमिग्रेशन चेक पोस्ट** स्थापित करने का निर्णय।
  - भूटान के लिए रू. 4000 करोड़ की लाइन ऑफ क्रेडिट (LoC) की घोषणा की।
- **ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल**
  - प्रधानमंत्री मोदी ने 4-19 नवंबर 2025 तक थिम्पू, भूटान में आयोजित वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में भाग लिया।
  - उन्होंने भारत से भगवान बुद्ध के **पवित्र पिपरहवा अवशेष** थिम्पू में महोत्सव के दौरान जनदर्शन हेतु भेंट किए।
  - प्रधानमंत्री मोदी ने **कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पावरमेंट** (समय चक्र सशक्तिकरण)का उद्घाटन किया।

**पिपरहवा अवशेष**

- **खोज :** 1898 में ब्रिटिश इंजीनियर विलियम क्लॉक्सटन पेप्पे द्वारा पिपरहवा (सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश), नेपाल सीमा के पास की गई।
- एक दफन स्तूप से एक बड़ा पत्थर का संदूक प्राप्त हुआ जिसमें शामिल थे।
- हड्डियों के टुकड़े, जिन्हें भगवान बुद्ध के अवशेष माना जाता है।
- सॉपस्टोन और क्रिस्टल के कास्केट।
- 1,800 से अधिक आभूषण - मोती, माणिक, नीलम, सोने की पतली चादरें।

# रिपोर्ट एवं सूचकांक

| रिपोर्ट | जारीकर्त्ता | भारत की स्थिति | शीर्ष और अंतिम स्थान |
|---|---|---|---|
| ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2025 | बेलेम, ब्राजील में COP30 में जर्मनवॉच। | 9वां स्थान | प्रभावित देश–<br>1. डोमिनिका 2. म्यांमार 3. होंडुरास |
| ग्लोबल बिलियनेयर सिटी रैंकिंग्स 2025 | हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट | $3^{rd}$ मुंबई – 92 बिलियनेयर<br>$9^{th}$ नई दिल्ली – 57 बिलियनेयर | दुनिया भर में टॉप बिलियनेयर शहर हैं–<br>1.न्यूयॉर्क – 119 .बिलियनेयर<br>2.लंदन – 97 बिलियनेयर |
| ग्लोबल कार्बन बजट 2025 | ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट | कार्बन का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है | चीन और USA सबसे आगे हैं। |
| QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स : सस्टेनेबिलिटी 2026 | लंदन स्थित ग्लोबल हायर एजुकेशन एनालिटिक्स फर्म क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) ने। | संस्थान / 2025 रैंक / 2026 रैंक<br>IIT–दिल्ली / 171 / 205<br>IIT–बॉम्बे / 234 / 235<br>IIT–खड़गपुर / 202 / 236<br>दिल्ली विश्वविद्यालय / 299 / 241<br>IIT–मद्रास / 277 / 305 | लुंड यूनिवर्सिटी, स्वीडन |
| रूल ऑफ लॉ इंडेक्स | वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट | 86वीं रैंक (स्कोर–0.49) | $1^{st}$ डेनमार्क<br>$2^{nd}$ नॉर्वे<br>$3^{rd}$ फिनलैंड<br>$142^{nd}$ अफगानिस्तान<br>$143^{rd}$ वेनेजुएला (अंतिम) |
| क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स–2026 | जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क (CAN) | 23 वीं रैंक<br>2025 में (10वीं रैंक) | कोई भी देश टॉप 3 में नहीं है।<br>4th डेनमार्क<br>5th UK<br>6th मोरक्को |
| वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 | इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (ICA), एक यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज (EURICSE) | रैंकिंग<br>1.AMUL<br>2 .IFFCO | |
| QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 | क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) | टॉप इंडियन इंस्टीट्यूशन (रैंक)<br>IIT दिल्ली (59)<br>IIT बॉम्बे (71)<br>IISc बेंगलुरु (64) | टॉप एशियन यूनिवर्सिटी (रैंक) –<br>यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग (1)<br>पेकिंग यूनिवर्सिटी (2) |
| ग्लोबल कमिटमेंट टू डेवलपमेंट इंडेक्स (CDI) 2025 | सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट | 36वीं रैंक | $I^{st}$ स्वीडन |

| रिपोर्ट्स | जारीकर्ता |
|---|---|
| इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक | ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को–ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (OECD) |
| COP30 रिपोर्ट के लिए क्लाइमेट अपडेट की स्थिति | वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (WMO) |
| एमिशन गैप रिपोर्ट 2025 | यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम (UNEP) |
| फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) रिपोर्ट 2025 | फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (FAO)<br>विषय – लैंडहोल्डिंग स्केल्स में लैंड डिग्रेडेशन को एड्रेस करना |
| **फाइनेंशियल सेक्टर असेसमेंट (FSA) रिपोर्ट** | वर्ल्ड बैंक |
| ग्लोबल कूलिंग वॉच रिपोर्ट 2025 | UN एनवायरनमेंट प्रोग्राम (UNEP) का कूल कोएलिशन |
| क्रायोस्फीयर की स्थिति रिपोर्ट 2025 | इंटरनेशनल क्रायोस्फीयर क्लाइमेट इनिशिएटिव |
| वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक (WEO) रिपोर्ट | इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) |
| यूनाइटेड नेशंस फेमिसाइड रिपोर्ट 2025 | यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC) और UN विमेन<br>▪ दुनिया भर में हर 10 मिनट में एक महिला या लड़की की हत्या होती है, 2024 में 83,000 महिलाओं की हत्या हुई। |
| चेंजिंग चाइना रिपोर्ट | AidDat |
| ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट 2025 | UNEP (यूनाइटेड नेशंस एनवायरनमेंट प्रोग्राम) |

### वैश्विक असमानता पर G20 रिपोर्ट

- G20 द्वारा कमीशन की गई रिपोर्ट, जिसे नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज ने लीड किया
- **भारत** के सबसे धनी 1% लोगों ने अपनी दौलत में 62% की बढ़ोतरी की।
- **विश्व** के सबसे धनी 1% लोगों ने 2000-2024 के बीच दुनिया भर में बनी सभी नई दौलत का 41% हिस्सा हासिल किया।
- सबसे गरीब निचले 50% लोगों को सिर्फ 1% हिस्सा प्राप्त हुआ।

### वैश्विक क्षय रोग (TB) रिपोर्ट 2025

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा जारी
- भारत में TB के मामलों में 21% प्रतिवर्ष की दर से कमी हुए।
  - **मृत्यु दर :** 2015 में प्रति लाख आबादी पर 237 से घटकर 2024 में प्रति लाख आबादी पर 187 हो गए। परन्तु अभी भी प्रति वर्ष नए मामले सामने आ रहे हैं।
- विश्व में TB के मामले- 2015 से 2024 तक कुल 12% की कमी हुई ।
  - **मृत्यु दर :** TB से होने वाली मौतें 28 (2015) से घटकर 21 प्रति लाख (2024) हो गई, हालांकि यह 2025 तक 3 प्रति लाख के लक्ष्य से अभी भी अधिक है।

## चर्चित व्यक्तित्व

### जोहरान क्वामे ममदानी

- न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीता, जो पहले मुस्लिम और सबसे कम उम्र के मेयर बने।
- ममदानी प्रसिद्ध भारतीय मूल की दंपत्ती अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर और प्रसिद्ध एकेडमिक महमूद ममदानी के बेटे हैं।

### गजाला फिरदौस हाशमी

- गजाला ने वर्जीनिया लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीता ।
- इस पद पर पहुँचने वाली प्रथम मुस्लिम और **प्रथम भारतीय मूल की महिला (जन्म-हैदराबाद, 1964)** बनी हैं।

### शेखा नासिर अल नोवैस

- UAE की शेखा नासिर अल नोवैस को UN टूरिज्म की प्रथम महिला प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया।

### न्यायाधीश डॉ. एस. मुरलीधर

- इन्हें यरुशलम और इजराइल समेत कब्जे वाले फिलिस्तीनी इलाके पर **UN इंडिपेंडेंट इंटरनेशनल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी** का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
- ओडिशा हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश है।

## शेख हसीना

- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 2024 में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई है।

## चार्ल्स कॉस्टे

- फ्रांसीसी साइकिलिस्ट की 101 साल की उम्र में निधन।
- वह दुनिया के सबसे उम्रदराज जीवित ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट थे।

## कीर्ति सुरेश

- इन्हें **UNICEF इंडिया** की सेलिब्रिटी एडवोकेट नियुक्त किया गया है।
- कीर्ति सुरेश बच्चों के अधिकारों, लैंगिक समानता और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।
- इन्हे 2019 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# चर्चित स्थान

## एशिया

### आयनी एयर बेस

- भारत ने 2002 से ताजिकिस्तान में अहम आयनी एयर बेस को चलाने में मदद करने के बाद, वहां अपना ऑपरेशन पूरा कर लिया है।
- **आयनी एयर बेस**–
  - **स्थिति :** ताजिकिस्तान
  - यह भारत द्वारा चलाई जाने वाली पहली विदेशी मिलिट्री फैसिलिटी है।
  - आयनी की स्थिति भारत के लिए सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण थी। यह बेस अफगानिस्तान के वखान कॉरिडोर से सिर्फ 20 किलोमीटर दूर है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) की सीमा से लगा है।




### कुनार नदी

- केन्द्र सरकार ने हाल ही में **अफगानिस्तान** को कुनार नदी पर एक डैम बनाने के लिए अपना समर्थन दिया, जो पाकिस्तान के साथ मिलती है।

### KK PARK

- KK पार्क म्यांमार-थाईलैंड बॉर्डर पर करेन स्टेट के म्यावड्डी टाउनशिप में मौजूद सबसे कुख्यात स्कैम सेंटर में से एक है।
- इस स्कैम सेंटर पर गैर-कानूनी स्टारलिंक इंटरनेट इस्तेमाल की खबरों के बाद, म्यांमार जुंटा ने KK पार्क पर "रेड" मारी।

### चाबहार पोर्ट

- भारत को ईरान के चाबहार पोर्ट पर काम जारी रखने के लिए US सेक्शन से छह महीने की छूट मिली।

### पाकिस्तान

- पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (KP) प्रांत में चल रही खुदाई और उत्खनन के काम के दौरान आठ नए प्राचीन स्थल मिलें।
- यह स्थल पाषाण युग से लेकर सिकंदर महान, बौद्ध धर्म, हिंदू शाही वंश, ग्रीक युग और शुरुआती इस्लामिक काल के हैं, जो इस इलाके में मानव सभ्यता की निरंतरता को दर्शाते हैं।

### चक्रवात दित्वा

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात जिसके कारण श्रीलंका और दक्षिण भारत में भारी वर्षा हुई।
- भारत ने चक्रवात दित्वा से प्रभावित श्रीलंका की सहायता के लिए **ऑपरेशन सागर बंधु** शुरू किया।
- 'दित्वा' नाम **यमन** ने दिया ।

### टाइफून कलमागी

- **चक्रवात से प्रभावित क्षेत्र :** फिलीपींस, वियतनाम (लैंडफॉल)
- **अन्य नाम :** टाइफून टीनो (फिलीपींस में)

### सुपर टाइफून फंग वोंग

- **चक्रवात से प्रभावित क्षेत्र :** फिलीपींस, ताइवान
- **अन्य नाम :** यूवान (Uwan)

### तिमोर लेस्ते

- भारत ने तिमोर-लेस्ते को **रेबीज वैक्सीन** की 10,000 डोज और **रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन** की 2,000 शीशियां (Vials) भेजी हैं,
  - **उद्देश्य :** द्वीपीय देश को रेबीज के प्रकोप से निपटने में सहायता करना।

**मालदीव**

- धूम्रपान पर "पीढ़ीवार" प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश।
- जनवरी 2007 को या उसके बाद जन्में बच्चों को सभी तरह के तंबाकू खरीदने, सेवन करने या बेचने से प्रतिबन्धित किया गया।

**बांग्लादेश**

- UN वॉटर कन्वेंशन में शामिल होने वाला **पहला दक्षिण एशियाई देश।**

**माउंट सेमेरू**

- इंडोनेशिया का सक्रिय ज्वालामुखी, हाल ही में विस्फोट हुआ।
- **स्थान** - ईस्ट जावा आइलैंड, इंडोनेशिया
- **प्रकार** - स्ट्रैटोवोलकेनो

**काशीवाजाकी-कारीवा न्यूक्लियर पावर प्लांट**

- जापान ने फुकुशिमा हादसे के बाद बंद हुए इस प्लांट को एक दशक से ज्यादा समय बाद पुन: शुरू करने की मंजूरी दी है।
- **क्षमता :** 8,000 MW (विश्व का सबसे बड़ा न्यूक्लियर पावर प्लांट)

**जकार्ता**

- संयुक्त राष्ट्र की **विश्व शहरीकरण प्रॉस्पेक्ट्स 2025 रिपोर्ट** के अनुसार, जकार्ता अधिकारिक रूप से **टोक्यो** को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर बन गया है।
- टॉप 3 सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर (2025)
  - जकार्ता (इंडोनेशिया)-42 मिलियन
  - ढाका (बांग्लादेश)-37 मिलियन
  - टोक्यो (जापान)- 33 मिलियन

**अफ्रीका**

**नाइजीरिया**


- नाइजीरिया में होने वाली मिलिट्री कार्रवाई के लिए US राष्ट्रपति ने युद्ध विभाग को तैयारी का आदेश दिया है।
- **कारण :** नाइजीरिया में सक्रिय आतंकवादी समूह **बोको हराम** द्वारा अल्पसंख्यक ईसाई आबादी पर हमला।

**सूडान**

- रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (RSF) के **एल फशेर** पर कब्जा करने से सूडान का गृह युद्ध भीषण हो गया।

**हैली गुब्बी ज्वालामुखी**

- **स्थान** -अफार क्षेत्र, इथियोपिया
- **प्रकार** -शील्ड ज्वालामुखी
- हेली गुब्बी ज्वालामुखी पूर्वी अफ्रीकन भ्रंश घाटी में स्थित है, जहाँ **नुबियन प्लेट और सोमाली प्लेट** धीरे-धीरे अलग हो रही हैं।




# पुरस्कार/अवॉर्ड

**53वें इंटरनेशनल एमी पुरस्कार**

- **आयोजन :** 24 नवंबर, न्यूयॉर्क
- **आयोजक/प्रदानकर्त्ता :** इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज (IATAS)
- **प्रमुख पुरस्कार**
  - **बेस्ट टीवी मूवी/मिनी-सीरीज :** लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज (UK)
  - **बेस्ट एक्टर :** ओरिओल प्ला (I Addict) (स्पेन)
  - **बेस्ट एक्ट्रेस :** एना मैक्सवेल मार्टिन (अनटिल आई किल यू) (UK)
  - **बेस्ट कॉमेडी:** लुडविग (UK)
  - **बेस्ट डॉक्यूमेंट्री :** हेल जम्पर (UK)
  - **बेस्ट करंट अफेयर्स :** डिस्पैचेस किल जोन: इनसाइड गाजा (UK)
  - **बेस्ट न्यूज प्रोग्राम :** गाजा, सर्च फॉर लाइफ
  - **बेस्ट स्पोर्ट्स डॉक्यूमेंट्री :** इट्स ऑल ओवर: द किस दैट चेंज्ड स्पैनिश फुटबॉल (स्पेन)
  - <u>भारत की तरफ से नामित</u> -
    - **दिलजीत दोसांझ** की फिल्म **अमर सिंह चमकीला**, (निर्देशक : इम्तियाज अली)
    - **श्रेणी** : टीवी मूवी/मिनी-सीरीज, लेकिन कोई अवॉर्ड नहीं जीता।

### सर्वाधिक लाभ कमाने वाला बैंक अवॉर्ड

- **विजेता** – रानी चन्नम्मा महिला कोऑपरेटिव बैंक
- **प्रदानकर्त्ता : कर्नाटक स्टेट अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स एसोसिएशन** द्वारा (72वें ऑल इंडिया कोऑपरेटिव सप्ताह 2025 में)

### मिस यूनिवर्स 2025

- **विजेता** – फातिमा बॉश (मेक्सिको)
- **आयोजन** – थाईलैंड में
- थाईलैंड के कंटेस्टेंट प्रवीणर सिंह रनर-अप रहे।
- भारत का प्रतिनिधित्व, **मनिका विश्वकर्मा** टॉप 12 में पहुँचीं।

### शेवेलियर अवॉर्ड

- प्रसिद्ध कला निर्देशक **थोटा थरानी** को भारतीय सिनेमा और कला में उनके योगदान के लिए फ्रांस से शेवेलियर अवॉर्ड मिला।

### वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवॉर्ड 2025

- **विजेता :** गुरु श्री श्री रविशंकर
- **प्रदानकर्त्ता :** बोस्टन ग्लोबल फोरम (BGF) और AI वर्ल्ड सोसाइटी (AIWS)

### ऑनरेरी एकेडमी अवॉर्ड

- टॉम क्रूज को लॉस एंजिल्स में 2025 गवर्नर्स अवॉर्ड्स में **ऑनरेरी एकेडमी अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया।

### वर्ल्ड स्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन : 2025

- **आयोजन :** 27-29 नवंबर, 2025, चीनी ताइपे
- भारत ने पहली बार हिस्सा लिया।
- 29 देशों में 8वाँ स्थान हासिल किया।
- 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते।
  - **रजत** – मुस्कान (पेंटिंग और डेकोरेटिंग में)
  - **कांस्य** –
    1. कोमल पांडा – इंडस्ट्रियल डिजाइन टेक्नोलॉजी
    2. शिवम सिंह व दिनेश आर-रोबोट सिस्टम इंटीग्रेशन
- **एक्सीलेंस के लिए 3 पदक जीते** –
  1. मोहम्मद मफाज पी आर (बिजनेस सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डेवलपमेंट)
  2. आदित्य नंदन (वेब टेक्नोलॉजीज)
  3. धनुष एम जी (इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन)

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

### पैरासोशल

- कैम्ब्रिज डिक्शनरी का **वर्ड ऑफ द ईयर**
- इसे ऐसे रिश्ते के तौर पर परिभाषित किया गया है जो कोई अपने और किसी ऐसे प्रसिद्ध व्यक्ति के बीच महसूस करता है जिसे वह नहीं जानता।

- **डेनमार्क** की सरकार ने 7 नवंबर, 2025 को 15 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए सोशल मीडिया तक पहुँच पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक घोषणा की।
- **संयुक्त राष्ट्र विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन – दोहा (कतर)** में आयोजित किया गया।
- **सऊदी अरब** को अमेरिका द्वारा एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी नामित किया गया।
- **ईरान** ने 'आपराधिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग' के बाद भारतीयों के लिए वीजा छूट सुविधा निलंबित कर दी।
- भारत सरकार के विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा ने 4-10 नवंबर 2025 तक लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र के तीन देशों – **इक्वाडोर, बोलीविया और क्यूबा** का दौरा किया।
- IMF के सालाना रिव्यू ने भारत के नेशनल अकाउंट्स के आंकड़ों (GDP और GVA डेटा) को 'C' ग्रेड दिया है, जो दूसरी सबसे कम रेटिंग है।

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### GSAT-7R (CMS-03)

- भारत का स्वदेशी व सबसे एडवांस्ड मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है जो **नौसेना** के लिए इसरो ने लॉन्च किया।
- यह भारत का सबसे भारी सैटेलाइट - 4400 kg
- **प्रक्षेपण तिथि :** 2 नवम्बर, 2025
- **प्रक्षेपण स्थान :** सतीश धवन स्पेस सेंटर श्रीहरिकोटा
- **प्रक्षेपणयान :-** LVM3-M5 (इसकी पाँचवीं ऑपरेशन उडान थी।)
- जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में प्रक्षेपित किया गया।
- इस उपग्रह ने 2013 में लॉन्च किए गए **G-SAT 7 (रूक्मणी)** को प्रतिस्थापित किया।

### सेंटिनल 6-B उपग्रह

- यह एक **महासागर ट्रैकिंग उपग्रह** है जो बढ़ते हुए समुद्र स्तर और ग्रह पर इसके प्रभावों का मापन करेगा।
- यह NASA , NOAA तथा यूरोपीयन अंतरिक्ष एजेंसी का संयुक्त मिशन है।
- **प्रक्षेपण :** स्पेस-एक्स के फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा।
- **प्रक्षेपण स्थान :** वेंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस, कैलिफॉनिया

**विशेषताएँ** -

1. यह दुनिया के 90% महासागरों में समुद्र सतह की ऊँचाई को लगभग 1 इंच की सटीकता से माप सकता है।
2. पृथ्वी के चारों ओर 112 मिनट में एक चक्कर लगाता है।
3. **ऊँचाई** = 1333 किलोमीटर
4. **गति** = 7.2/किलोमीटर

### US- रूस क्रू मिशन

- अमेरिका व रूस की संयुक्त अंतरिक्ष टीम ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए उड़ान भरी।
- **प्रक्षेपण** - सोयूज MS 28 रॉकेट
- **स्थान** - बेकोनूर सेंटर (कजाकिस्तान)
- यह टीम 8 महिने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ISS पर रहेगी।
- **उद्देश्य** - पृथ्वी के वातावरण, जैविक प्रक्रियाओं और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों का अध्ययन करना।
- इस मिशन में 3 अंतरिक्ष यात्रियों ने उड़ान भरी।

1. क्रिस विलियम्स (NASA)
2. सेर्गेई मिकायेव (रूस)
3. सेर्गेई कुद -स्वेर्चकोव (रूस)

### प्रोजेक्ट सनकैचर

अंतरिक्ष में AI डेटा केंद्रों का परीक्षण करने के लिए **गूगल** का प्रोजेक्ट है।

### औमानसैट-I

- यह ओमान का **प्रथम संचार उपग्रह** है।
- **विकास** - एयरबस डिफेन्स एण्ड स्पेस।

### वायुपुत्र

- यह भारत का **पहला इलेक्ट्रिक रॉकेट** है।
- यह 3 डी प्रिंटिंग तकनीक से बनाया गया है।
- **निर्माण** - स्पेस किड्स इण्डिया (चैनई)।

### भारत का प्रथम मिनी स्पेस टेलीस्कोप

- **निर्माण** - ईओन स्पेस लेब (हैदराबाद)
- **प्रक्षेपण** - निम्न भू-कक्षा (LEO)
- **वजन** - 502 ग्राम

### नील गेरेल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी टेलीस्कोप

- **चर्चा में क्यों ? :** यह **नासा** की टेलीस्कॉप है, जो धीरे-धीरे पृथ्वी की ओर गिर रही है।
- इस खतरे से बचने और टेलीस्कोप की उम्र बढ़ाने के लिए नासा ने एक **डेरिंग मिशन** की तैयारी की है।
- **कंपनी :** स्पेसफ्लाइट स्टार्टअप कंपनी केटालिस्ट।

### इन्फिनिटी कैंपस और विक्रम-I

- प्रधानमंत्री ने विडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से **हैदराबाद** में स्काईरूट के **इन्फिनिटी कैम्पस** का उद्घाटन व प्रथम कक्षीय रॉकेट **विक्रम-I** का अनावरण किया।

***इन्फिनिटी कैम्पस*** – इसमें बहुप्रक्षेपण वाहनों के डिजायन, विकास एकीकरण और परीक्षण के लिए लगभग 2 लाख वर्ग फुट का कार्यक्षेत्र होगा तथा हर महीने एक कक्षीय रॉकेट बनाने की क्षमता होगी।

***स्काईरूट*** – यह निजी अंतरिक्ष कंपनी है।

- ***संस्थापक*** – पवन चंदना और भारत ढाका

### INS माहे

- माहे श्रेणी के पहले पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान (ASW-SWC) माहे का जलावतरण 24 नवम्बर, 2025 को **मुंबई में किया।**
- **निर्माण :** CSL (कोचिन शिपयॉर्ड लिमिटेड।)
- **आदर्श वाक्य :** साइलेण्ट हंटर्स
- **नामकरण :** माहे शहर के नाम पर।
- **डिजाइन :** इसके शिखर पर **'उरूमी'** तलवार अंकित है, जो कलारीपयट्टू की लचीली तलवार है जो चपलता, सटीकता एवं घातकता का प्रतीक है ।
- **विशेषता** –
  1. स्वदेशी रूप से निर्मित **आत्मनिर्भर भारत** पहल का हिस्सा है।
  2. 80% से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से निर्मित है।
  3. यह माहे श्रेणी के 8 जहाजों में अग्रणी है।

### INS तारागिरी

- **प्रोजेक्ट** 17A के तहत **नीलगिरी श्रेणी का चौथा** और **मंझगांव डॉक शिप बिल्डिग लिमिटेड द्वारा निर्मित तीसरा** जहाज मुंबई में नौ सेना को सौंपा।
- यह स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रीगेट है।
- 17A श्रेणी के जहाजों में संयुक्त डीजल व गैस प्रणोदन संयत्र लगे होते है।
- यह पूर्व INS तारागिरी का एक नया रूप है जो एक लिएण्डर श्रेणी का युद्धपोत था। जिसने 33 वर्ष सेवाएं दी।

### INS ईक्षक

- यह सर्वेक्षण पोत वेसल है जो गहरे समुद्र में **हाइड्रोग्राफिक सर्वे** करता है।
- हाल ही में इसे **कोच्चि** में नौसेना में शामिल किया गया है।
- **निर्माण** – गार्डन रीच शिपबिल्डर्स & इंजिनियर्स (GRSE)
- इसमें 80% से अधिक स्वदेशी उपकरण है।

### INS सावित्री

- भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्तीपोत (OPV) है।
- हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के तहत पहले यह **मोजाम्बिक के पोर्ट बेरा** उसके पश्चात **सेशेल्श के पोर्ट विक्टोरिया** पहुंचा।
- INS सावित्री सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ मिलकर EEZ (विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र) की संयुक्त निगरानी करेगा।

### INS सह्याद्री

- यह जहाज हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के तहत **फिलिपिंस के मनीला** बंदरगाह पहुँचा।

### मैन पोर्टेबल-ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल्स

- **विकास :** नेवल साइंस & टेक्नालॉजी लेबोरेट्री (NSTL) , विशाखापट्टनम (यह DRDO की शाखा है।)
- **उपयोग :** समुद्र में बारूदी सुरंगों का पता लगाने में
- **विशेषताएँ**–
  - इसमें साइड स्केन सोनार और अंडरवाटर कैमरे जैसे मुख्य सेंसर लगे होते है।
  - यह उपकरण समुद्र में माइंस जैसी संदिग्ध वस्तुओं का रियल टाइम पता लगाने में सक्षम है।
  - इसमें लगे डीप लर्निंग टारगेट रिकग्निशन एल्गोरिदम जैसे खतरों की स्वायत्त पहचान करते है।

### HAMMER Weapon System

- HAMMER Weapon System के भारत में निर्माण हेतु भारतीय कंपनी BEL और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रानेनिक्स एण्ड डिफेंस (SED) के मध्य संयुक्त उद्यम के लिए समझौता।
- **HAMMER** : Highly Agile Modular Munition Extended Range

  हैमर एक युद्ध सिद्ध, अत्यंत सटीक और मॉडयूलर डिजाइन वाली हथियार प्रणाली है, जो **राफेल** व हल्के लडाकू विमान **तेजस** सहित कई प्लेटफॉर्म के लिए उपयुक्त मानी जाती है।
- यह **स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेंड एयर टू ग्राउंड वेपन** है।
- Make in India के तहत लगभग 60% हिस्से भारत में निर्मित किए जाएंगे।

### INVAR एंटी टैंक मिसाइलों की खरीद के लिए समझौता

- रक्षा मंत्रालय व भारत डायनामिक्स लिमिटेड (BDL) के मध्य।

- यह एक एडवांस लेजर गाइडेंड मिसाइल है जिसमें लक्ष्य भेदन की संभावना अत्यधिक होती है।
- इससे टैंक T-90 की फायर पावर और मारक क्षमता बढेगी।

### मिनटमैन–II

- यह USA की जमीन आधारित एक ICBM (इंटर कॉंटिनेटल बेलेस्टिक) मिसाइल है।
- **विकास** – बोईंग डिफेंस द्वारा
- **परास** – 10,000 कि.मी. से अधिक
- **गति** – Mach 20 (24,000Km/hr)
- यह **मल्टीपल इंन्डिपेन्डली टारगेटेबल रि–एन्ट्री व्हीकल** (MIRV) तकनीक पर आधारित है।
- इसमें 3 Stage Solid ईंधन का प्रयोग होता है।
- इसे **Dooms Day misslie** या **सर्वनाश करने वाली मिसाइल** भी कहा जाता है।

### USA ने भारत को 93 मिलियन डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी –

1. **जैवलिन :** एक **"एंटी–टेंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम** है।"
   - **निर्माण :** लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन के एक संयुक्त उपक्रम ने।
   - **परास :** मध्यम दूरी
     - यह **दागो और भूल जाओ के सिद्धांत** पर आधारित है जिसका **रूस–यूक्रेन युद्ध** में प्रयोग
     - कंधे पर रखकर दागी जाती है।
2. **एक्सकैलिबर गाइडेंड आर्टिलरी म्यूनिशन :** यह आधुनिक और **स्मार्ट आर्टिलरी (तोप) का गोला है,** जो विशेष तकनीक से बनाया गया है।
   - **निर्माण :** रेथियॉन मिसाइल एंड डिफेस
   - **परास :** लम्बी दूरी

### MH60R हैलीकॉप्टर

- रक्षा मंत्रालय ने **भारतीय नौसेना** के के लिए MH60R हेलीकॉप्टरों के बेड़े के सतत् समर्थन के लिए **अमेरिका** के साथ लगभग 7,995 करोड़ के प्रस्ताव व स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए।
- यह विश्व का शक्तिशाली बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर है।

### हंसा– 3 NG

- पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान है। जिसका **बेंगलुरू** में उद्घाटन किया गया।
- यह भारत का प्रथम पूरी तरह से कंपोजिट एयरफ्रेम वाला 2 सीटर विमान है।
- **निर्माण** – राष्ट्रीय एयरोनोटिक्स लिमिटेड (NAL), बेंगलुरू और पायनियर क्लीन एम्प्स
- आंध्रप्रदेश के **कुप्पम** में 150 करोड़ की लागत से एक नया संयंत्र भी बनाया जा रहा है। जहाँ हर साल लगभग 100 विमान तैयार होंगे।

### भारतीय सेना व वायु सेना में 16 इंडिजिनस लेजर बेस्ड ड्रोन सिस्टम शामिल

- **विकास :** DRDO द्वारा।
- **मारक क्षमता :** 2 किलोमीटर तक।
- ड्रोन सिस्टम में 10 किलोवॉट की लेजर बीम होती है।

### विंग लूंग एक्स :

- यह चीन का **ऑटोनॉमस पनडुब्बी शिकारी ड्रोन** है।
- इसे दुबई एयर शॉ में लॉन्च किया गया।
- **चीन का दावा :** यह विश्व का प्रथम ड्रोन है जो पूर्णतया स्वयं पनडुब्बी रोधी ऑपरेशन कर सकता है।

### इन्द्रजाल रेंजर

- यह देश की **प्रथम मोबाइल एंटीड्रोन पेट्रोलिंग यूनिट**
- **विकास** – इंद्रजाल ड्रोन डिफेंस (हैदराबाद)

### न्यू कोट कॉम्बेट

- भारतीय सेना ने न्यू कोट कॉम्बेट का **बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR)** प्राप्त किया।
- यह भारतीय सेना के सैनिकों की **3 परतों वाली वर्दी** है।
- **विकास :** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT) नई दिल्ली।

### दुबई एयर शो–2025

- **आयोजन :** दुबई UAE में

  यहाँ संजय सेठ (रक्षा राज मंत्री) ने रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की तथा दुबई में **भारतीय मण्डप** का उद्घाटन भी किया।
- इस एयर शो में वायु सेना की **सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम** और **LCA तेजस** ने भाग लिया।

  इस दौरान तेजस विमान क्रैश हो गया। हिमाचल प्रदेश के बहादुर पायलट विंग कमांडर **नमांश स्याल** शहीद हो गए।

### रक्षा आत्मनिर्भरता : रिकॉर्ड उत्पादन और निर्यात

- **वित्त वर्ष** – 2024-25 के प्रमुख आंकड़ें

- **रक्षा उत्पादन :** 1.54 लाख करोड़ का
- **रक्षा निर्यात :** 23622 करोड़
- **अनुमानित रक्षा बजट :** 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ है।
- **वर्तमान वित्त वर्ष** में रक्षा उत्पादन 1.75 लाख करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है।
- भारत 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है जिसमें सार्वजनिक उपक्रमों का 77% व निजी क्षेत्र का योगदान 23% है।
- सरकार ने वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ के रक्षा **विनिर्माण** और 50 हजार करोड़ के **रक्षा निर्यात** का लक्ष्य रखा है।
- **उत्तरप्रदेश व तमिलनाडू** के रक्षा औद्योगिक गलियारों में 9 हजार करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित हुआ है।
- 426 कंपनियों को 788 रक्षा औद्योगिक लाइसेंस जारी किए गए है।

## डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (DPSUs) की रिव्यू मीटिंग

- **स्थान :** DPSU भवन, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नई दिल्ली में
- **मोटो :** 'संगच्छध्वं संवदध्वं' ('एक साथ चलें, एक साथ बातचीत करें')
- 1.51 लाख करोड़ रुपये का डिफेंस प्रोडक्शन, जिसमें DPSUs का कुल योगदान 71.6% है। डिफेंस एक्सपोर्ट 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिससे भारत के स्वदेशी सिस्टम पर दुनिया का भरोसा बढ़ा।
- **चार DPSUs को मिनीरत्न** (कैटेगरी-I) का दर्जा दिया गया -
  1. म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL)
  2. आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (AVNL)
  3. इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (IOL)
  4. हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL)

## जल संचय जन भागीदारी (JSJB) 1.0 पुरस्कार

- **प्राप्तकर्त्ता :** रक्षा संपदा संगठन को मिला।
- **श्रेणी :** सर्वश्रेष्ठ भागीदार विभाग या मंत्रालय

## इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण योजना

- **मंजूरी :** 28 मार्च, 2025 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा
- **अवधि :** 6 वर्ष (2025-26 से 2031-32)
- **उद्देश्य :**
  1. इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में बडे निवेश को आकर्षित करना।
  2. भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत कर मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना।
- **लक्ष्य :** 2030-31 तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को 500 Billion $ तक ले जाना।
- **प्रावधान :**
  - 7172 करोड़ का निवेश करना।
  - 65,111 करोड़ का संचयी अनुमानित उत्पादन करना।
  - 11,808 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित करना।
- **महत्व :** 9 राज्यों में इकाइयाँ विस्तृत है जो संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देगी।

## इलेक्ट्रॉनिक विकास निधि (EDF)

- यह **फण्ड ऑफ फण्ड** है जो **डॉटर फण्ड** को वित्त पोषण करता है।
- **गठन :** 15 फरवरी, 2016
- **उद्देश्य :**
  1. इलेक्ट्रॉनिक, नैनो इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान, विकास और उद्यमिता (RD&E) को बढ़ावा देना।
  2. राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा संसाधन पूल का निर्माण कर घरेलू डिजाइन क्षमताओं का सशक्तिकरण करना।

- ***डॉटर फंड्स :*** *यह सेबी पंजीकृत निवेश फंड्स होते है जो मदर फंड्स या फण्ड्स ऑफ से धन प्राप्त करते है, जो उस धन को लक्षित व्यवसायों जैसे स्टार्टअप आदि में निवेश करते है।*

  ***उदाहरण*** *- यूनिकॉन इण्डिया वेंचर ट्रस्ट*

## भारत का सबसे बड़ा और प्रथम डी-स्केल वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (VRFB) सिस्टम

- **स्थान :** ग्रेटर नोएड़ा में आवास व शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने उद्घाटन किया।
- **विकास :** राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) के राष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी अनुसंधान गठबंधन (NETRA) द्वारा।
- **प्रक्रिया :** यह लिथियम आयरन बैटरियों के विपरीत ऊर्जा को तरल इलेक्ट्रोलाइट्स में वैनेडियम आयनों के माध्यम से संग्रहित करती है।
- **विशेषताएँ :** प्रदर्शन समय के साथ घटता नहीं, बैटरी अज्वलनशील, संचालन अवधि दीर्घकालिक।

### जिंक आयरन बैटरी

- कुशल जिंक आयरन बैटरी के कैथॉड मेटेरियल का डिजाइन **सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मेटर साइंसेज, बेंगलुरु।**
- **विशेषता :** यह लिथियम बैटरी से उच्च ऊर्जा कुशल है।

### युवा AI फॉर ऑल

- यह एक नि:शुल्क राष्ट्रीय पाठ्यक्रम है।
- **मंत्रालय** : इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- **प्रारम्भ :** 18 नवम्बर, 2025
- **उद्देश्य :** 1 करोड़ नागरिकों को मूलभूत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल से सशक्त बनाना।
- यह पाठ्यक्रम प्रमुख शिक्षण मंचों : फ्यूचर स्किल्स प्राइप, आइगोट कर्मयोगी और अन्य लोकप्रिय एड-टेक यानी उन्नत प्रौद्योगिकी पोर्टल्स पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

### AI दिशा-निर्देश: 2025

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 5 नवम्बर, 2025 को AI गाइडलाइंस जारी की। जिसके 7 सूत्र एवं 6 स्तंभ है-
- **भारत के AI गवर्नेंस के 7 सूत्र (सिद्धांत)**
  1. जवाबदेहिता
  2. न्याय और समानता
  3. संयम की बजाय नवाचार
  4. जन प्रथम (पीपल फर्स्ट)
  5. विश्वास ही आधार
  6. सुरक्षा, लचीलापन और स्थिरता
  7. समझने योग्य डिजाइन
- **भारत के AI गवर्नेंस के छह स्तम्भ** -
  1. अवसंरचना (Infrastructure)
  2. क्षमता निर्माण (Capacity Building)
  3. नीति और विनियमन (Policy & Regulation)
  4. जोखिम प्रबंधन (Risk Mitigation)
  5. जवाबदेहिता (Accountability)
  6. संस्था (Institution)

## IIT बॉम्बे की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

### 1. भारत की प्रथम लिक्विड हीलियम क्रायोजनिक सुविधा

- **स्थापना :** IIT-बॉम्बे में।
- यह क्वांटम विज्ञान क्रायोजनिक, उन्नत सामग्री व अगली पीढ़ी के कम्प्यूटिंग के भारत में बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण कदम।

### 2. देश का प्रथम स्वदेशी क्वांटम मेग्नोमीटर

- **विकास :** IIT-बॉम्बे में
- यह **नैनोटेस्ला** (NT) स्तर पर अति निम्न चुम्बकीय क्षेत्र का पता लगाने में सक्षम है।
- इसका विकास हीरे में नाइट्रोजन रिक्तिका केन्द्र परमाणु स्तर की खामियों का उपयोग कर दिया गया।

### 3. देश का प्रथम स्वदेशी क्वांटम डायमण्ड माइक्रोस्कॉप

- **विकास :** IIT बॉम्बे के **पीक्वेस्ट समूह** द्वारा
- यह त्रि-आयामी चुम्बकीय क्षेत्र में इमेजिंग सुविधा प्रदान करता है।

### देश में चार अत्याधुनिक क्वांटम फेब्रिकेशन और केन्द्रीय सुविधाएँ स्थापित करने की घोषणा

- नेशनल क्वांटम मिशन के तहत स्थापित की जाएगी।
- **मंत्रालय :** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- **स्थान :**
  1. IIT बॉम्बे
  2. IIT कानपुर
  3. IIT दिल्ली
  4. IISC बैंगलौर
- IIT बॉम्बे, IIT कानपुर राष्ट्र की क्वांटम सेंसिंग और मौसम विज्ञान संबंधी अवसंरचना में योगदान देंगे।
- IIT बॉम्बे, IISC बैंगलोर सुपर कंडक्टिंग, फोटोनिक और स्पिन क्यूबिट का प्रयोग कर क्वांटम कंप्यूटिंग फेब्रिकेशन को आगे बढ़ाएगा।
- IIT दिल्ली भारत के क्वांटम मटीरियल और डिवाइस डेवलपमेंट इकोसिस्टम को होस्ट करेगा।

### भारत का प्रथम स्वदेशी हाई प्रिसिजन और कॉम्पैक्ट डायोड लेजर।

- **विकास :** नेशनल क्वांटम मिशन के तहत **प्रेनिष्क (Prenishq) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा।**
- **उपयोग :** क्वांटम एनक्रिपटेड कम्यूनिकेशन, फोटोनिक क्वांटम कम्प्यूटिंग, वैज्ञानिक अनुसंधान में।

### फ्लेक्सिबल पायजोइलेक्ट्रिक नैनो कंपोजिट

- यह पदार्थ **यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा** में बदलते है।
- **निर्माता :** सेंटर फॉर नैनो & सॉफ्ट मेटर साइंसेज, बैगलुरु
- **निर्माण प्रक्रिया :** पॉलीविनीलीडीन फ्लोराइड (PVDF) मैट्रिक्स में एम्बेडेड फूल के आकार के **टंगस्टन ट्रायऑक्साइड** नैनोमेटेरियल के पॉलीमर नैनो कंपोजिट का उपयोग करके।

### बिरसा 101

- यह भारत की प्रथम स्वदेशी CRISPR आधारित जीन थैरेपी है।
- **विकास :** CSIR - इंस्टीट्यूट ऑफ जिनोमिक्स एण्ड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (IGIB)
